yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 157 ● कटनी ● रविवार, 9 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

24.8 डिग्री

दोपहर 12 बजे तक

28 डिग्री

मानसून सक्रिय

## जमीन पर जलता हुआ दिखा प्लेन, सभी 6 सवारियों की मौत

मुरिएटा (अमेरिका), एजेंसी। दक्षिण कैलिफोर्निया में शनिवार को हुई विमान दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना लॉस एंजिलिस और सैन डिएगो के बीच कैलिफोर्निया के मुरिएटा शहर में हवाई अड्डे के निकट हुई। 'केटीएलए' टीवी स्टेशन की खबर के अनुसार विमान लास वेगास में हैरी रीड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार यह सेसना सी550 वाणिज्यिक विमान था। रिवरसाइड काउंटी अग्निशमन विभाग के अनुसार, अधिकारियों को तड़के सवा 4 बजे के बाद जलता हुआ विमान मिला, जिसके तुरंत बाद विमान में सवार छह लोगों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

## » न्यूज गैलरी

### मप्र की पहली महिला मुख्य सचिव रहीं निर्मला बुच का निधन

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व आइएएस अधिकारी निर्मला बुच का रविवार को 98 साल की उम्र में निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थीं और बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। बुच 1990 से 1992 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की सरकार में मध्य प्रदेश की मुख्य सचिव थीं। उनके पति स्व महेश नीलकंठ बुच भी मध्य प्रदेश कैडर के आइएएस थे, जिन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए थे। सोमवार को भोपाल में निर्मला बुच का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### पीएम मोदी के फ्रांस दौरे में हो सकती राफेल-एम डील

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस के दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम को 14 जुलाई को फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस ब्वैस्टिल डेज परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट (राफेल एम) खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। अमेरिका के बाद पीएम का फ्रांस दौरा भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए अहम साबित हो सकता है। राफेल एम राफेल लड़ाकू विमान का नौसैनिक संस्करण है जिसका पूरा नाम राफेल मैरीटाइम है। दरअसल, लड़ाकू विमान के तीन प्रमुख संस्करण हैं- राफेल सी सिंगल-सीट जो जमीन से इस्तेमाल किए जाने वाला संस्करण है, राफेल बी दो सीटों वाला जमीन से इस्तेमाल किए जाने वाला संस्करण और राफेल एम जो सिंगल-सीट कैरियर-आधारित संस्करण है। राफेल एम का निर्माण फ्रांस की कंपनी दसॉल्ट एविएशन ने किया है।

### पिटाई के बाद जूते पर थूककर चटवाया, दबंग लाइनमेन गिरफ्तार

■ सोनभद्र, ईएमएस।

यूपी के सोनभद्र में एक युवक को पीटने के बाद जूते पर थूककर उससे चटवाने वाले दबंग लाइनमेन को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के साथ कथित दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल होने के बाद यूपी पुलिस ऐक्शन में है। मामला सोनभद्र जिले के शाहगंज क्षेत्र के एक गांव का है। यहां एक युवक के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया गया था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। वीडियो में दिख रहा है कि व्यक्ति एक युवक की पिटाई कर रहा है और उसे जूते चाटने के लिए मजबूर कर रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के बहुआर गांव का रहने वाला युवक शाहगंज थाना क्षेत्र के बल्डीह गांव स्थित अपने मामा के घर आया हुआ था। छह जुलाई को शाम चार बजे उसके मामा के घर बिजली कनेक्शन में कुछ खराबी आ गई थी।

### टिहरी गढ़वाल में खाई में गिरी मैक्स,पांच को बचाया, छह लापता

■ टिहरी गढ़वाल, ईएमएस।

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के थाना मुनि की रेती में बड़ा हादसा हुआ है। सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स गाड़ी खाई में गिर गई। गाड़ी में 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पांच लोगों को निकाल लिया है। जबकि छह लोगों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, टिहरी गढ़वाल जिले के थाना मुनि की रेती की चौकी ब्यासी पर सूचना मिली कि सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक मैक्स गाड़ी मालाकुंती पुल से होटल आनंद काशी के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचे खाई में गिर गई। गाड़ी में चालक समेत 11 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस और स्ष्ठक्रस्न की टीम पहुंची। टीम ने नदी से पांच लोगों को बाहर निकाल लिया है। सभी को एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। टीम को अभी चालक समेत अन्य छह लोगों की तलाश है।

## जयपुर के सरकारी अस्पताल में 18 मरीजों के आंख की रोशनी गई

राजस्थान में अंखफोड़वा कांड




**नहीं किया जा रहा नेत्र रोग के पेंशेंट्स को भर्ती**

■ जयपुर, एजेंसी।

राजस्थान0के सबसे बड़े गवर्नमेंट हॉस्पिटल एसएमएस में आंखों की रोशनी छीनने वाला खतरनाक बैक्टीरियल इंफेक्शन स्यूडोमोनास का प्रकोप जारी है। यहां इस इंफेक्शन की चपेट में आने वाले 18 मरीजों की अभी भी दृष्टि नहीं लौटी है। इंफेक्टेड आंखों से उन्हें भी दिख नहीं रहा है। उल्लेखनीय है कि एसएमएस हॉस्पिटल में 26 से लेकर 28 जून तक 74 पेंशेंट्स की आंखों का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद पेंशेंट्स ने आंखों के लाल होने , धुंधला दिखने और खुजली होने की शिकायत की थी। इस मामले के सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन ने नेत्र रोग विभाग के तीनों ऑपरेशन थिएटर बंद कर दिए थे। 10 दिनों से एसएमएस अस्पताल में ऑपथैल्मोलॉजी ऑपरेशन थिएटर बंद है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि फिलहाल नेत्र विभाग के ऑपरेशन थिएटर सर्जरी के लिए सेफ नहीं है। बैक्टीरियल इंफेक्शन स्यूडोमोनास के फैलने की बात सामने आने के बाद माइक्रोबॉयोलॉजी डिपार्टमेंट ने एसएमएस अस्पताल के ओटी से 60 सैंपल्स लिए हैं। कई स्थानों से लिए गए इन सैंपल को कल्चर रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। क्योंकि कल्चर का रिपोर्ट को आने में समय लगता है। ऐसे में फिलहाल यह पता नहीं लग पाया है कि इंफेक्शन कैसे फैला है। एसएमएस अस्पताल की मेडिकल सुप्रीडेंटेट आंचल शर्मा का कहना है कि सैंपल्स की जांच हो रही है। जल्द ही पता किया जाएगा कि आखिर किस तरह ऑपथैल्मोलॉजी ऑपरेशन थिएटर में इंफेक्शन फैला है।

इंफेक्शन का मामला सामने आने के बाद नेत्र रोग विभाग के सभी ऑपरेशन थिएटर बंद किए गए हैं। चूंकि अभी तक इंफेक्शन के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। ऐसे में अब अस्पताल प्रशासन अब नए रोगियों को एडमिट नहीं कर रहा है। अपनी सास चांद देवी का ऑपरेशन करवाने आई प्रताप नगर निवासी पूनम छीपा ने बताया कि अभी तक उनके मदर इन लॉ को देखने को परेशानी हो रही है। पूनम छीपा का कहना है कि वो अभी अस्पताल में ही रहेंगे, जब तक की उनकी सास की दृष्टि पूरी तरह लौटती नहीं है।

## इंदौर में दिग्विजय सिंह पर केस दर्ज धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप

■ इंदौर, यशभारत।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह पर शनिवार को इंदौर के तुकोगंज थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। सिंह के विरुद्ध हाईकोर्ट वकील राजेश जोशी ने शिकायत दर्ज करवाई है। उन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छवि धूमिल करने और धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक दिग्विजयसिंह ने इंटरनेट मीडिया पर संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की तस्वीर के साथ अनर्गल पोस्ट प्रसारित की। उज्जैन में भी दिग्विजय पर थाने में शिकायत दर्ज की गई है।आरएसएस की छवि धूमिल करने और धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोपराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिह की उस ट्वीट के लिए आलोचना की है, जिसमें संघ के द्वितीय सरसंघचालक गुरु गोलवलकर को लेकर भ्रामक दावा किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिह के ट्वीट किए पोस्टर में दावा है कि गोलवलकर ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों को बराबरी का अधिकार दिया जाता है, तो इसकी जगह वह सारी जिदगी अंग्रेजों की गुलामी करने के



लिए तैयार हैं। पोस्टर में गोलवलकर के हवाले से धन संपत्ति, राज्यों की जमीन और जंगल को दो-तीन विश्वसनीय व्यक्ति को सौंपने तथा 95 प्रतिशत जनता को भिखारी बनाए रखने का विचार व्यक्त करने का दावा किया गया है।संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने उस ट्वीट पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि यह ट्वीट तथ्यहीन तथा सामाजिक विद्वेष उत्पन्न करने वाला है। संघ की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से यह झूठा फोटोशाप लगाया गया है। गुरुजी ने कभी ऐसा नहीं कहा। उनका पूरा जीवन सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने में लगा रहा।

## सीधी के बाद अब इंदौर में बर्बरता

## नाबालिग आदिवासी भाइयों को अगवा कर पीटा

■ इंदौर, यशभारत।

सीधी का पेशाब कांड अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि इंदौर में आदिवासी भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। 15 वर्षीय किशोर और उसके भाई को तीन गार्डो ने बेरहमी से पीटा है।राऊ पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपितों पर अपहरण, मारपीट, एससीएसटी एक्ट व जुवेनाइज जस्टिस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आदिवासी युवकों की पिटाई से नाराज जयस ने भी विरोध प्रदर्शन किया है। विधायक जीतू पटवारी ने भी घटना की निंदा की है। घटना राऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रेजर फंटेसी टाउनशिप की है। नालछा( धार )निवासी 15 वर्षीय किशोर शुक्रवार शाम करीब 7 बजे बाइक से फिसल कर गिर गया था। उसने सुपरवाइजर सुमित चौधरी से मदद मांगी तो गालियां दी।किशोर द्वारा प्रतिकार करने पर सुमित उसको पकड़ कर गार्ड रूम में ले गया और बंद कर दिया।सुमित ने किशोर को बर्बरता पूर्वक डंडे व पाइप से पीटा। उसको रुम में लेटा दिया और कुल्हे,जांघ,हाथ पर डंडे ही डंडे



मारे।किशोर का भाई शंकर भी पीछे-पीछे बाइक से आ रहा था। भाई को ले जाते हुए देख वह भी गार्ड रूम की तरफ गया तो तीनों गार्डो ने उसको भी बंधक बना लिया।आरोपितों ने शंकर के साथ भी बेरहमी से पिटाई की। युवकों के साथ की पिटाई का वीडियो भी बनाया गया। शनिवार को वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जारी होते ही पुलिस हरकत में आई। एमवाय अस्पताल में मेडिकल करवा कर जीरों पर केस दर्ज किया गया। शाम को पुलिस टाउनशिप पहुंची और आरोपित सुमित चौधरी,प्रेमसिंह परमार व जयपाल बघेल को गिरफ्तार कर लिया।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लाखों जवानों का ओपीएस का सपना टूटा

**केंद्र ने सुको से लिया स्थगन आदेश**

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीएपीएफ के लाखों जवानों का पुरानी पेंशन मिलने का सपना चकनाचूर हो गया है। इस साल 11 जनवरी को सीएपीएफ में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने जो बड़ा फैसला दिया था, उस पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से फरवरी 2024 तक स्थगन आदेश ले लिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ ने यह स्टे ऑर्डर दिया है। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि केंद्रीय अर्धसैनिक बल भारत संघ के सशस्त्र बल हैं। अदालत ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में एनपीएस को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही थी। इन बलों में चाहे कोई आज भर्ती हुआ हो, पहले कभी भर्ती हुआ हो या आने वाले समय में भर्ती होगा, सभी जवान और अधिकारी, पुरानी पेंशन के दायरे में आएंगे।

## भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यसमिति में किया फेरबदल

## नड्डा की टीम में राजस्थान, बिहार, झारखंड और तेलंगाना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समेत 10 नए नाम जुड़े



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश के पांच राज्यों में इस साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। भाजपा इसे लेकर तैयारी में जुट गई है। 6 जुलाई से बैठकों का दौर जारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय कार्यसमिति में फेरबदल किया है। इसमें राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल, झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और तेलंगाना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय समेत 10 लोगों के नाम शामिल किए गए हैं।इनके अलावा, सुरेश कश्यप, विष्णुदेव साय, धरमलाल कौशिक, अश्विनी शर्मा, सोमावीर राजू और किरोड़ी लाल मीणा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं, सुभाष कन्नौथ को केरल का प्रदेश महासचिव ( संगठन ) बनाया गया है।

### 2 दिन पहले भाजपा ने 4 राज्यों के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए थे

7 जुलाई को भाजपा ने राजस्थान और स्क्कसमेत 4 राज्यों में चुनाव प्रभारियों की घोषणा की थी। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को मध्य प्रदेश, ओपी माथुर को छत्तीसग? और प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना का जिम्मा सौंपा गया था। पार्टी ने इन राज्यों के सह-प्रभारियों की भी नियुक्ति की थी। राजस्थान में जोशी के साथ नितिन पटेल और कुलदीप बिश्नोई को सह प्रभारी बनाया गया था। मध्य प्रदेश में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। छत्तीसग? में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को सह प्रभारी का जिम्मा दिया गया था।इसके अलावा तेलंगाना में सुनील बंसल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। इन चारों राज्यों में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तेलंगाना में फिलहाल भारतीय राष्ट्र समिति की सरकार है। कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी को राजस्थान की जिम्मेदारी मिली, 2022 में उत्तराखंड में दिलाई थी जीत राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया।

## झुंड से बिछड़े दंतैल हाथी ने युवक को कुचला कई घर तोड़े, फसलों को भी किया बर्बाद

■ कांकेर, ईएमएस।

छत्तीसगढ़ में हाथियों के उत्पात मचाने की खबरें आए दिन सामने आती रहती है। राज्य के कई इलाकों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। ताजा मामला कांकेर के पखांजूर इलाके से सामने आया



है। यहां जंगल में जंगली हाथी ने एक युवक को कुचलकर मार डाला है। बतादे कि पखांजूर इलाके में पिछले दो दिनों से जंगली हाथी अपने झुंड से भटक गया। अब यह हाथी कई गांव में उत?पात मचा रहा है।दरअसल, कांकेर के परलकोट इलाके में बीते तीन दिनों से दंतैल हाथी अपने झुंड से बिछ? गया। अब यह दंतैल हाथी आसपास के रिहायशी इलाकों में घूम-घूमकर उत्पात मचा रहा है। इतना ही नहीं यह हाथी किसानों के फसलों को भी बर्बाद कर रहा है। इस दौरान इस हाथी ने कई ग्रामीणों के घरों को भी तोड़ दिया। हाथी के आतंक से इलाके के ग्रामीण दहशत में हैं।इसी दौरान परलकोट इलाके के पीवी 22 नंबर गांव का रहने वाला एक 22 वर्षीय युवक इस दंतैल हाथी के आतंक का शिकार हो गया। हाथी ने युवक को कुचलकर मारा डाला। स्वजनों को युवक की मौत का पता उस वक्त चला जब काफी देर बाद घर नहीं पहुंचा। स्वजन जब युवक को ढूंढने परलकोट के जंगली इलाके में गए तो वहां युवक की लाश देख होश उड़ गए।

## शरद पवार का बागियों को संदेश-अपने फैसले पर फिर कर सकते हैं विचार

**निजी हमलों पर भतीजे अजित को दी सीख**

■ नासिक, एजेंसी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने अपने भतीजे अजित पवार के साथ पार्टी पर कब्जे को लेकर जारी संघर्ष के बीच समर्थन जुटाने की कोशिश में शनिवार को अपना राज्यव्यापी दौरा शुरू किया. यह दौरा अजित पवार की बगावत के बाद पार्टी में बंटवारा होने, खुद को एनसीपी अध्यक्ष घोषित करने और महाराष्ट्र में शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के एक हफ्ते बाद हो रहा है. शरद पवार ने अपने दौरे की शुरुआत नासिक जिले के येओला से की. जो बागी एनसीपी नेता छगन भुजबल का निर्वाचन क्षेत्र है और उन्होंने उन्हें विधायक बनाने के लिए



लोगों से माफी मांगी. शरद पवार ने कहा कि अगर बागी नेता अपने फैसले पर फिर से विचार करते हैं और उनके पास लौटना चाहते हैं, तो उन्हें कोई समस्या नहीं है. दूसरी ओर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शनिवार को शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों को नोटिस जारी कर अयोग्यता के मुद्दे पर जवाब मांगा। शनिवार को येओला में एक रैली में शरद पवार ने कहा कि 'यह रैली किसी पर कोई आरोप लगाने के बारे में नहीं है, मैं यहां आप सभी से माफी मांगने आया हूं.'। एनसीपी संस्थापक ने कहा कि 'मुझे गलत फैसला लेने का अफसोस है. आपने मुझ पर भरोसा किया और मेरी पार्टी को वोट दिया लेकिन मेरा निर्णय गलत निकला।

## पाकिस्तान के खेल मंत्री का बड़ा बयान

## 'भारत एशिया कप खेलने नहीं आया तो हम भी विश्व कप खेलने नहीं जाएंगे'

■ इस्लामाबाद, एजेंसी।

पाकिस्तान अभी यह तय नहीं कर पाया है कि इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप में अपनी टीम को भेजना है या नहीं? इस पर फैसला करने के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के खेल मंत्री ने बड़ा बयान दिया है।पाकिस्तान में खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा है कि अगर भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आता है, तो हम भी अपनी टीम को विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं भेजेंगे। बकौल एहसान मजारी, यह मेरी निजी राय है, क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) मेरे मंत्रालय के अंतर्गत आता है, इसलिए अगर भारत एशिया कप में अपने मैचों के लिए तटस्थ स्थान (पाकिस्तान के अलावा कहीं ओर) पर खेलने की मांग करता है, तो विश्व कप के लिए हम भी यही मांग करेंगे। बता दें, एशिया कप का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं हुआ है। हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच इस बात पर आम सहमति है कि यह आयोजन पाकिस्तान और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

## हिमाचल में बारिश से तबाही, 3 मौतें

**लाहौल में 30 बच्चे फंसे, ब्यास में बहीं गाड़ियां, कालका-शिमला रेललाइन ठप्प**

■ शिमला, ईएमएस।

हिमाचल प्रदेश में मॉनसून का कहर देखने को मिला है. प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बाद अब नुकसान की खबरें देखने को मिल रही है. पंडोह में ब्यास नदी का पानी घर और बाजार में घुस गया है. चंडीगढ़ मनाली हाईवे मंडी से लेकर मनाली तक जगह जगह लैंड स्लाइड के चलते बंद हो गया है. वहीं, सोलन में कालका-शिमला ट्रेक पर ट्रेनों की आवाजाही थम गई है. हिमाचल के लाहौल और स्पीति में बाढ़ और एवलांच की चेतावनी दी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना के दो जवान पोशाना नदी पार करते हुए बह गए। 24 घंटे की बारिश में हिमाचल में 3 लोगों की मौत हुई है, जबकि 3 नेशनल हाईवे बंद हैं. साथ ही जगह-जगह लैंड स्लाइड से 250 से ज्यादा सड़कें बंद हो गई है। लाहौल-स्पीति के समदो काजा ग्रांफू मार्ग पर फ्लैश फ्लड के बाद ग्रांफू और छोटा दर्रा के बीच दो ट्रेवलर में कालेज के 30 बच्चे फंस गए, इन्हें रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित निकाला गया. मंडी-पंडोह ह्ला पर छह मील के पास लैंड स्लाइड से सड़क बंद हो गई. कुल्लू के अखाड़ा बाजार में ब्यास नदी का वाटर लेवल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. कुल्लू और मंडी शहर में भी ब्यास खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. प्रदेश का औद्योगिक क्षेत्र बद्दी भी जलमग्न हो गया है. कई जगह रात से ही बिजली गुल है और सड़कें बंद पड़ी है. मैदानी क्षेत्र जलमन्न हो गए है, जबकि पहाड़ों पर लैंड स्लाइड से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### अमरनाथ यात्रा रोकी

खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई है। जम्मू बेस कैंप में अधिकांश यात्रा ठहरे हुए हैं। अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू हुई और 31 अगस्त 2023 को समाप्त होगी।



### पुंछ में जवान नदी में बहा, तलाश जारी

पुंछ के दुर्गम इलाके में एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान नदी पार करते समय नायब सूबेदार कुलदीप सिंह अचानक आई बाढ़ में बह गए। पीआरओ रक्षा-जम्मू के मुताबिक, जवान की तलाश में ऑपरेशन चलाया गया है।

### मोटर रेल कार डिरेल

लाहौल के जुंडा नाला और तेलिंग नाला में बाढ़ के बाद मनाली-लेह सड़क बंद हो गई है. कुल्लू के राहनीनाला में लैंड स्लाइड के बाद रोहतांग सड़क भी बंद है. हैरिटेज रेलवे ट्रेक पर शिमला से कालका जा रही मोटर रेल कार कोटी के समीप डिरेल हो गई. गनीमत यह रही कि इससे किसी को चोट नहीं आई. रेल कार में 14 यात्री सवार थे. आज भी कालका शिमला रेल लाइन पर ट्रनों की आवाजाही बंद है. शिमला के ढिंगू मंदिर को जोड़ने वाली सड़क पर भारी लैंड स्लाइड हुआ है. ऊना रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रेक की विद्युत लाइन पर पेड़ गिरा और आग लग गई. चम्बा के सरोथा नाला में भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टर ने शख्स को मृत घोषित कर दिया. प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 10 हजार की फौरी राहत दी गई है. देर रात यह हादसा हुआ है. श्रीखंड महादेव यात्रा के दौरान एक श्रद्धालु की मौत हुई है, जबकि दो अन्य लापता हैं. ये सभी ग्लेशियर से फिसल गए थे. कुल्लू के लंका बेकर में एक मकान गिरा है और महिला की मौत हो गई है।

### यूपी में आसमान से गिरी बिजली

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा ने बताया, आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 घायल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये दिए जाएंगे।







# मानसून की वापसी, सुबह से जारी झमाझम बारिश

## गर्मी से मिली राहत, किसानों के चेहरे ुशी से खिले

कटनी, यशभारत। शहर में आज सुबह से अच्छी बारिश हो रही है। पिछले ह ते लगातार चार दिन तक बारिश होने के बाद मानसून रूठ गया था लेकिन पिछले दिनों से एक बार फिर कटनी के साथ ही पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय नजर आ रहा है। किसानों को भी बारिश का इंतजार था। खेतों में धान का रोपा तैयार करने के बाद से ही किसान मानसून सक्रिय होने की आस लगाए हुए थे। इस साल मानसून से सही समय पर दस्तक दे दी थी। बीते दो दिनों से बारिश का दौर जारी है। इससे न केवल गर्मी से राहत मिली है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं। रविवार की सुबह से हो रही बारिश से शहर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही रेल पुलिया में पानी भर गया है, जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया है। आंकड़ों की बात करें तो जिले में बारिश का औसत 300 मिलीमीटर पहुंच रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून के सक्रिय होने से इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस बार बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा।

### जिले में अब तक 269 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 9 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 269.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 196.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 223.6 मिलीमीटर, रीठी में 267.8 मिली मीटर, बड़वारा में 236.6 मिलीमीटर, बरही में 244 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 168.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 222.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 398.8 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 390.5 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष में तीन शिफट में संलग्न किये गए 18 कर्मचारी

अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 जिला प्राधिकरण की शक्तियों के अनुसार संशोधित आदेश जारी कर जिला कार्यालय में स्थापित आपदा नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण कक्ष क्रमांक 99 हेतु श्री रोमानुस टोप्पो अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी एवं दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो द्वारा जारी आदेशानुसार सोमवार से रविवार तक तीन पालियों प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक 18 कर्मचारियों की ड्यूटी अलग - अलग शि ट मे लगाई गई है। आपदा नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को नियत दिन एवं समय पर उपस्थित रहनें, बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित न रहने, रजिस्टर पंजी एवं अन्य जानकारी अगली पाली के कर्मचारियों को प्रदाय करने के साथ ही बाढ़ आपदा संबंधी समस्त जानकारी से सहायक नोडल अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं डीसीसीसी सुपरवाईजर को सूचित करने के निर्देश दिए गए है।





## किसानों को बारिश का था इंतजार

बीते दिनों हुई बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन उमस ने हलाकान कर दिया था। इन दिनों आमतौर पर तेज बारिश शुरू हो जाती थी और खेतों में धान समेत अन्य खरीफ फसलों की बोवाई और रोपाई कार्य शुरू हो जाता था। किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार था। पिछले एक सप्ताह से किसान बारिश का इंतजार कर रहे थे लेकिन किसानों के इंतजार के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा था। आज की बरसात से किसानों के चेहरे खुशी से िल गए है।

## लाड़ली बहना सेना के सदस्यों का शपथ आयोजन कल

### इंदौर मे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों मे माह जुलाई 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 10 जुलाई सोमवार को दोपहर 1 बजे से इंदौर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा लाड़ली बहना सेना के सदस्यों को शपथ भी दिलाई जायेगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट लिंक ूमइबेंजण्हवअण्पदध्उचध्मउमअमदजे पर देखा व सुना जा सकता है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आदेश जारी कर आयुक्त नगर निगम, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बरही कैमोर व विजयराघवगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जनप्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित हितग्राही, लाड़ली सेना एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव टेलीकॉस्ट हेतु बड़ी स्क्रीन एवं टी0वी0 की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश दिये है।

## मलेरिया प्रभावित ग्रामों मे होगा होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ200 का सेवन

**कटनी,यशभारत।** जिले में मलेरिया रोग की रोकथाम के लिए जिले मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम मे जिला आयुष विभाग द्वारा मलेरिया रोग की रोकथाम हेतु जुलाई एवं अगस्त माह मे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी रितु द्विवेदी ने बताया कि मलेरिया रोकथाम हेतु कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा। जिसका प्रथम चरण दिनांक 14, 21, 28 जुलाई 2023 को सम्पन्न होगा एवं दूसरा चरण दिनांक 11, 18, 25 अगस्त 2023 को सम्पन्न होगा। होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ200 का सेवन जिले के 08 मलेरिया प्रभावित ग्रामों ( कुल जनसंख्या 8567 ) में कराया जायेगा। मलेरिया रोकथाम हेतु कार्यक्रम में आयुष विभाग एवं आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ200 का सेवन लोगों को कराया जायेगा।

## यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 7 जुलाई से 7 सितंबर तक चलाया जायेगा अभियान

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश के समस्त जिलों मे दो पाहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीटबेल्ट धारण न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 7 जुलाई से 7 सितंबर दो माह विशेष अभियान संचालित कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करानें के निर्देश अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पी.टी.आर.आई पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिये गए है। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मे लंबित रिट पिटीशन के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करनें के निर्देश दिये गए है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश के समस्त जिला पुलिस अधीक्षक को वाहन चालकों द्वारा हेलमेट एवं सीटबेल्ट धारण करने के संबंध मे सभी स्कूलों स्कूलों कालेजों, मोहल्ले-कस्बों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। अभियान के दौरान पम्पलेट, फ्लैक्सी, पी.ए. सिस्टम, इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है ताकि समस्त वाहन चालक हेलमेट एवं सीटबेल्ट आवश्यक रूप से धारण करें।

## फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण फार्मों की एन्ट्री समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार 02 अगस्त को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। जारी आदेशानुसार कंट्रोल टेबल में सुधार की कार्यवाही सहित ई.आर.ओ द्वारा फार्मो के निराकरण करनें की अंतिम तिथि 5 जुलाई 2023 निर्धारित है। युक्तियुक्तकरण एवं एकीकरण की कार्यवाही 10 जुलाई से 18 जुलाई, टी.सी.एस टीम द्वारा अंतिम डाटा को ईआरओ नेट 2.0 एवं प्रिंटिंग टूल पर रिफ्लेक्टर करनें की समय सीमा 19 जुलाई से 21 जुलाई तक निर्धारित की गई है। प्रारूप 1 से 8 तक की रिपोर्ट हेतु 22 जुलाई, फोटो सहित एवं फोटो रहित निर्वाचक नामावली की पी.डी.एफ तैयार करनें हेतु 23 जुलाई, फोटो रहित पी.डी.एफको वेबसाईट पर अपलोड करनें की तिथि 25 जुलाई, एकीकृत निर्वाचक नामावली का मुद्रण करनें की तिथि 31 जुलाई फोटो निर्वाचक नामावली के 9 सैट कराने तथा फोटो निर्वाचक नामावली की मुद्रित प्रतियां बूथों पर पहुंचाने की तिथि 01 अगस्त के साथ ही फोटो निर्वाचक नामावली का सभी अभिहित स्थलों पर प्रारूप करानें की तिथि 02 अगस्त निर्धारित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बड़वारा, विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद के अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बड़वारा, कटनी शहर, कटनी, विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद एवं रीठी के तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिट्रीकरण अधिकारियों को ईआरएमएस सॉफ्टवेयर एवं ईआरओनेट के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

## जीवित आदिवासी को मृत घोषित कर दूसरे को दे दी जमीन, बोले विधायक - षड्यंत्र करने वाले बचेंगे नही

**कटनी, यशभारत।** अधिकारियों के षड्यंत्र से एक जीवित आदिवासी मृत घोषित हो गया। खुलासा हुआ तो पीड़ित रतिया कोल के पक्ष में विधायक संजय पाठक खड़े हुए साथ ही चेतावनी दी कि विजयराघवगढ़ में गरीब आदिवासी के साथ षड्यंत्र करने वाले बचेंगे नही, श्री पाठक ने कहा कि वह स्वयं कार्यवाही करवाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं भाई रतिया कोल के साथ हूं। पैसों की लालच में जिंदा को मृत घोषित करने वाले सभी षडयंत्रकारियों चाहे वह कर्मचारी हो या अधिकारी, उसके ऊपर स्न्रढ्ढक्र सहित कार्यवाही होनी चाहिए।



### जानिए पूरा मामला

विजयराघवगढ़ के कलहरा पंचायत के मोहन टोला निवासी रतिया कोल पिता हरिप्रसाद कोल के साथ उसकी सड़क पर 0.55 हेक्टेयर करोड़ों रूपए की कीमती जमीन की लालच में दलालों एवं अधिकारियों की मिलीभगत से जीवित रतिया कोल को 1998 में मृत घोषित कर किसी अन्य रतिया बाई पति नत्थू कोल ग्राम गड़ौहा का मृत्यु प्रमाणपत्र लगाकर जमीन की दूसरों के पटवारी तहसीलदार के नाम फौती चढ़ा दी गई है। पटवारी ने झूठा सिझरा बनाकर कर जमीन कटनी के लोगों के नाम चढ़ा दी है इसमें तहसीलदार ने आवेदन लगाने के दस दिन के अंदर बिना किसी प्रकार की जांच इसतिहार निकाल जमीन कटनी निवासी पटवारी रामलाल कोल के रिश्तेदार फर्जी लोगों के नाम कर दी गई है। इसमें जबलपुर एवं कटनी के दलाल पटवारी तहसीलदार नेहा जैन भी रूप से शामिल हैं। आज रतिया कोल ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक से भेंट कर पूरी वस्तुस्थिति बताई जिस पर विधायक संजय पाठक ने मृत घोषित हुए रतिया कोल को आश्वासन दिया की जो लोग इस षड्यंत्र में शामिल है चाहे अधिकारी कर्मचारी ही शमिल हों उन पर जांच करते हुए कार्यवाही एफआईआर दर्ज होगी ।

## आधारकाप डकैतीकांड के आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, उत्तरप्रदेश से हुई गिर तारी, सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने आधारकाप में हुई डकैती की वारदात का पपर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस हत्या और डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले आधा दर्जन आरोपियों को उत्तरप्रदेश से गिर तार किया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों के पास से सोने चांदी के जेवरात भी बरामद हुए हैं। पुलिस सभी आरोपियों को गिर तार करने के बाद इस वारदात का आज खुलासा कर रही है। खबर लिखे जाने तक सभी आरोपी पुलिस की गिर त में थे। सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपी आधारकाप के ही रहने वाले हैं और डेयरी संचालक से उसकी पहचान भी थी। बताया जाता है कि आधी रात को आरोपियों ने दरवाजा खटखटाया, आवाज पहचानने के बाद डेयरी संचालक ने दरवाजा खोला और इसके बाद डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि डेयरी संचालक व शेयर मार्केट कारोबारी मनीष शर्मा के यहां छह बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम देते हुए मनीष शर्मा की हत्या कर दी थी। सभी आरोपी उत्तरप्रदेश सहित अन्य ठिकानों से दबोचे गए हैं। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार डकैतों को उनके रिश्तेदारों व अन्य ठिकानों से पुलिस ने दबोचा है।

## गुलाब के फूल एवं ट्राफी देकर हैलमेट लगाने पर दिया जोर

### यातायात पुलिस ने हैलमेट अभियान चलाकर वाहन चालकों को दी समझाईश

कटनी, यशभरत। एसपी अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे द्वारा वाहन चालकों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट अभियान चलाया गया। सुभाष चौक एवं दिलबहार चौराहे पर यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को गुलाब का फूल एवं ट्राफी प्रदान करते हुए हेलमेट की अनिवार्यता के विषय में सुरक्षा की जानकारी दी गई। वाहन चालकों को बताया गया कि हेलमेट पुलिस के कानून के डर से नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए अवश्य उपयोग करें। अनायास दुर्घटना में मामूली सी सिर की चोट से लोगों की जान चली जाती है। यातायात थाना प्रभारी ने दिलबहार चौराहे में सड़क के बीचोंबीच बेतरतीब खड़े किए गए मोटरसाइकिलो के अघोषित स्टैंड पर प्रतिबंध लगाते हुए 15 जुलाई से यहां वाहनों को खड़ा करने पर स त कार्रवाई के निर्देश दिए। व्यापारियों ने बताया कि जबलपुर तक अप डाउन करने वाले यात्रियों द्वारा यहां वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिस कारण यातायात में अराजक हो रहा है।



## महानदी पर खिरवा से घुनौर के बीच बनेगा पुल

### विधायक संजय पाठक करेंगे 18 करोड़ 59 लाख की लागत वाले पुल का भूमिपूजन

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधानसभा में विधायक संजय पाठक के क्षेत्र में विकास कराने की सोच पर चलते हुए महानदी के दोनों तरह बसे क्षेत्र को आपस में जोड़ने महानदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल के निर्णाण की योजना को स्वीकृति दिलाई है । इस संबध में चर्चा करते हुए विधायक संजय पाठक ने बताया कि क्षेत्र में महानदी के दोनों तरफ गांव बसे हुए हैं क्षेत्र में प्रवास के दौरान महसूस हुआ कि दोनों तरफ के लोगों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए लगभग 30 से 35 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता हैं इस सम्बन्ध में महानदी पर पुल बनाने के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों से सर्वे कराया था जिसके आधार पर शासन से बजट की स्वीकृति एवं निर्माण का टैंडर भी हो गया है जिसके तहत दोनों तरफ पहुंचमार्ग सहित नदी पर उच्च क्षमता के जलमग्नीय पुल का निर्माण 18 करोड़ 59 की लागत से कराया जाना है । जिससे महानदी के दोनों तरफ बसे हुए इस क्षेत्र के खिरवा,घुनौर राजरवारा न 1, जंगल पुरैनी, बरेहटा, बहरेटी, गोइंद्रा, जिवारा , नारेड़ा, नरेड़ी, रोहनिया, बरुआ, खिरवा न 1, खलेंदा, सिनगौड़ी, बकेली, सिघनपुरा, कुंदरेही ,पथरेहटा के लोगों को एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो रही है दोनों तरफ गावों से आने जाने वाले लोगों को बड़ा चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन अब इस पहुंच मार्ग एवं पुल का निर्माण होने के बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी। कल 9 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे पुल का भूमिपूजन विधायक संजय पाठक के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता पटेल, जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्षगणों कार्यकर्ताओं सहित विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में होगा । सड़क एवं पुल निर्माण होने से दोनों तरफ के अनेकों गांवों के लोगों को आने-जाने के लिए सीधा रास्ता मिल जाएगा जिससे इस क्षेत्र में विकास की गति में तेज़ी आएंगी।



## नगर निगम को दिया शव फ्रीजर बॉक्स

### कांग्रेस पार्षद की अनुकरणीय पहल

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम में वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष मौसूफ अहमद बिट्टू द्वारा पूर्व में परिषद बैठक में मांग की गई थी कि नगर निगम के पास स्वयं स्वामित्व के बॉडी फ्रीजर होने चाहिए, जिससे की पार्षद जन जनमानस हेतु यह व्यवस्था आसानी से उपलब्ध करा सकें। मांग पूरी होती न दिखने की दशा में आज स्वयं के खर्च पर फ्रीजर क्रय करके वरिष्ट पार्षद नगर निगम पहुंचे। सर्वविदित है कि नगर निगम में लंबे समय से शव फ्रीजर बॉक्स की जरूरत महसूस की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों द्वारा बार.बार मांग किए जाने के बावजूद नगर निगम आज तक शव फ्रीजर की व्यवस्था नहीं कर पा रहा था नगर के एवं अपने वार्डों की जनता की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्षद द्वारा जनता के लिए समर्पित कर दिया। इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पार्षद मौसूफ बिट्टू, ईश्वर बहरानी, शशिकांत तिवारी, दानिश अहमद, पैरवी बिट्टू, समाजसेवी अजय सरावगी, केडीए अध्यक्ष सुयश पुरवार, सतीश सोनी, गुल्लू ख परिया, रजनीश तिवारी सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।



## मलेरिया उन्मूलन के लिए बांटी जाएंगी दवाएं, कार्यक्रम घोषित

**कटनी,यशभारत।** जिला आयुष अधिकारी डॉ रितु द्विवेदी नें बताया कि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया प्रतिरोघक होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ200 का वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयुष विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी , प्रभारी एवं एन.आर.एच.एम को अपने- अपने औषधालयों के साथ मलेरिया कार्यालय से प्राप्त मलेरिया प्रभावित ग्रामों की सूची अनुसार आशा एवं आंगनबाडी की सहायता से मलेरिया ऑफ200 का वितरण करनें हेतु निर्देशित किया है। जिला आयुष अधिकारी रितु द्विवेदी ने कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी डॉ रश्मि मिश्रा को प्रथम चरण में दिनांक 14,21 एवं 28 जुलाई को तथा द्वितीय चरण में सहायक नोडल अधिकारी श्री अब्दुल शरीफ खान को 11,18, एवं 25 जुलाई को मलेरिया ऑफ200 का वितरण कराये जानें के निर्देश दिए है।

### महिला कर्मचारियों को मिलेगा 7 दिन का अवकाश

**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर सभी महिला शासकीय कर्मचारियों को वर्ष भर में 7 दिवस का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश ( सीएल ) स्वीकृत किया गया है। यह सात दिवस का अवकाश राज्य शासन के पूर्व में जारी शासकीय कर्मचारियों को 13 दिवस के आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा। इस प्रकार महिला कर्मचारी अब वर्ष भर में कुल 20 दिवस का आकस्मिक अवकाश अपनी आवश्यकता के अनुरूप उपयोग कर सकेगी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 09 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत
नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# कारण बताओ...सरकारी भूमि में क्यों किया कब्जा!

## राजस्व न्यायलय बरही से 25 दुकानदारों को नोटिस, बरही नगर के मुख्य मार्केट का मामला, टेंशन में व्यापारी

**बरही, यशभारत।** नगर परिषद बरही के मेन बाजार कमानिया गेट से कन्या शाला परिसर तक टपरे में दुकान संचालित कर रहे दो दर्जन से अधिक दुकानदारों को तहसील न्यायलय बरही द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जबाब तलब किया गया है कि आखिर शासकीय रकबे खसरा नंबर 824.2 के अंशभाग में कब्जा क्यों जमाया गया है। नोटिस मिलने के बाद दुकानदार टेंशन में है। टेंशन इस बात की है कि परिवार का पेट पालने के लिए उनके पास और दूसरा कोई विकल्प नही है, वे पिछले 30 साल से यही टपरे में अपना व्यापार करते हुए परिवार का पालन-पोषण कर रहे है। 6 जुलाई को चिंतित दुकानदारों ने तहसील न्यायालय बरही पहुंचकर अपना जबाब प्रस्तुत कर दिया हैए पेशी की दूसरी तारीख अब 13 जुलाई मुकर्रर की गई है।



### बिना प्लान के 50 दुकानदारों को पूर्व में किया बेदखल

गौरतलब है कि बरही नगर के कटनी मार्ग स्थित विजयनाथधाम मेला ग्राउंड में पिछले कई सालों से टपरे में दुकान संचालित करने वाले 50 से अधिक दुकानदारों को गत माह ही बेदखल कर दिया गयाए जहां अब वीरानगी होने के साथ ही मलबे की गंदगी से बदसूरत तस्वीर सिर्फनजर आ रही है। यहां अभी तक प्रशासन के पास विकास का कोई भी प्लान ही नही है। ऐसे में 50 से अधिक दुकानदारों को ठीक बरसात के पूर्व बेदखल कर देने से उनमें से कई अभी भी दो वक्त की रोटी के लिए परेशान है। अब भरी बरसात में मेन मार्केट के दो दर्जन दुकानदारों को नोटिस जारी कर उनकी नींद हराम कर दी गई है। आखिर प्रशासन चाह क्या रहा है। नगर परिषद के पास भी इस संबंध में किसी भी प्रकार की योजना नहीं है, वहीं जनपद की दुकान निर्माण में महज 3-4 दुकान प्रभावित होगी। ऐसे 2 दर्जन दुकानदारों को नोटिश जारी करने के पीछे क्या वजह हैए क्या इन्हें भी बिना प्लान, किसी नई योजना के बिना ही बेदखल कर दिया जाएगा।

### जनपद बनाएगा दुकानें

नगर परिषद बरही के पुराने स्कूल भवन के बगल से जनपद पंचायत बड़वारा के दो क्वाॅटर बने हुए हैं, जो अब जर्जर है। खबर है कि इसी जर्जर भवन को तोड़कर यहां जनपद द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण की जि मेदारी ग्राम पंचायत वनगवां को दी गई है। पहला कारण यही समझ में आ रहा है कि दुकानों का निर्माण कराने के लिए अतिक्रमण हटाने की कवायद जारी की गई है।

### हॉकर्स जोन, का प्लेक्स की मांग

बहरहाल माजरा चाहे जो भी हो दो वक्त की रोटी कमाने वाले चिंतित दुकानदारों का कहना है कि उन्हें यूं ही बिना किसी प्लान के बेदखल करना कतई उचित नही है। जि मेदार नगर परिषदए स्थानीय प्रशासन इन दुकानदारों को बेदखल करने के पूर्व उनकी रोजी.रोटी चलती रहे इसके लिए एक हॉकर्ष जोन का निर्माण करें, का प्लेक्स बनाकर उन्हें व्यवस्थित करे, फिर इन्हें बेदखल करें तो उचित होगा।




## संगिनी ग्रुप ने किया पौधरोपण

बरही, यशभारत। पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते हुए संगिनी ग्रुप बरही द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे ग्रुप की रेखा गुप्ता, शिल्पा तिवारी, रोशनी गुप्ता, पूजा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, सुचिता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता ने सहभागिता निभाई, वहीं बरही थाने में पदस्थ दरोगा सीता राम बागरी ने भी संगिनी ग्रुप के इस कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

# फर्जी नाम क्यों जोड़े, तत्काल निलंबित करो!

**बरही, यशभारत।** बरही तहसील का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद को मतदाता सूची में गड़बड़ी मिल गई। फिर होना क्या था गड़बड़ी देख कलेक्टर बिफर गए और लापरवाही बरतने पर कुठिया मोहगवां के बीएलओ सहायक शिक्षक दिवाकर उपाध्याय के साथ ही पटवारी अनुज पोर्ते को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में एसडीएम महेश मंडलोई ने बताया कि एक छतीसगढ़ की रहने वाली 80 वर्षीय महिला मतदाता का नाम फार्म 6 में जोड़ा तो गया था, लेकिन फार्म 7 नाम काटने की पावती नही थीं, जिस पर कलेक्टर ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीएलओ व पटवारी को संस्पेंड करने के निर्देश दिए।



### विजयनाथधाम पहुंचे कलेक्टर ने लिया आशीर्वाद

तहसील का निरीक्षण करने के उपरान्त कलेक्टर अवि प्रसाद बरही के सरकार भूमि प्रकट स्वंभू भगवान विजयनाथ जी के दरबार पहुंचे, जहां विराजे भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त करते हुए मंगल कामना की।

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

# जमीन विवाद पर महिला को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास

## विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कारीतलाई की घटना, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कारीतलाई में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार पर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने की कोशिश का मामला सामने आया है। इस घटना में द पत्ति घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारीतलाई में राजेन्द्र विश्वकर्मा का पड़ोसियों से जमीनी विवाद चल रहा है। कथित विवादित जमीन पर राजेंद्र का पुत्र हरिओम ट्रैक्टर लेकर जुताई करने गया था। उसे रोकने के लिए अजय गुप्ता, मथुरा विश्वकर्मा, मगनू विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, मीरा बाई खेत पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई तो हरिओम ट्रैक्टर घुमाकर लाया और सभी को कुचलने की कोशिश की। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मीराबाई और उसके पति मगनू घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उसमें दिख रहा है कि आरोपी हरिओम विश्वकर्मा जमीन की जुताई करने से मना करने पर आग बबूला हो गया। ट्रैक्टर को पहले आगे की ओर ले जाता है और फिर वापस घुमाकर लाता है और सीधे विवाद कर रहे लोगों पर चढ़ाने का प्रयास करता है। वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। एएसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि 1992 से जमीन का विवाद चल रहा है। राजस्व विभाग इस मामले को नहीं निपटा रहा है, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। विजयराघवगढ़ पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों का जमीनी विवाद चल रहा है। मामले की जांच जारी है। ट्रैक्टर का धक्का लगने से महिला घायल हुई है। शिकायत पर एफआइआर दर्ज हुई है। एक्सरे रिपोर्ट आदि आने पर आगे की धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की निःशुल्क सुविधा, एयरकूल्ड छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

पश्चिम मध्य रेल

ई–टेण्डर नोटिस दिनांकः 03.07.2023

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस. पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन (कटनी) म.प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नकार्य हेतु ओपन ई निविदा के लिए आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** –एनकेजे/टीआरएस/टी/02/22 दिनांक 03.07.2023, **कार्य का नाम**– एक्सटर्नल फायर सेफ्टी ऑडिट एंड डिजाईन डेवलपमेंट इमरजेंसी एव कुएसन प्लान अलोंग विथ अवेयरनेस प्रोग्राम एंड ट्रेनिंग फॉर वन टाइम मेसर वाय आउटसाइड एजेंसी एट वि.लो.शेड. नकज एंड डीजल शेड नकज, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये)**– 2,72,226/–, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये)**– निल, **बयाना राशि**– 5500.00, **कार्य समापन की अवधि**– 03 माह, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**– 28.07.2023 को 15:00 बजे तक, **टिप्पणीः 1.** निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मैन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प.म.रेलवे के कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गयी है। 2. निविदाकारों से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है। **4.** निविदा फार्म का मूल्य निलः जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट। क्लाउस नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई–निविदा फार्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे।

**मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)**
**पमरे, नई कटनी, जंक्शन**

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

# सेवानिवृत्त कर्मचारी के मकान में लाखों की चोरी

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर में लाखों रुपए की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूने मकान को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने 18 लाख रुपए से अधिक के जेवरात सहित 9 लाख रुपए से अधिक नगद पार कर दिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी राम दाहिया 7 जुलाई को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए परिवार सहित सतना गए थे। तभी चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाया और दरवाजे का ताला तोड़ते हुए घर के अंदर घुसे। घर से पेटी में रखे ढाई सौ ग्राम सोना के जेवरात कीमती लगभग 15 लाख रुपए, साढ़े 4 किलोग्राम चांदी कीमती लगभग 3 लाख 20 हजार रुपए व 9 लाख रुपए से अधिक नकद बदमाशों ने पार कर दिए हैं। जब परिवार वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो सामान पूरा बिखरा पड़ा है। पीड़ति ने तत्काल विजयराघवगढ़ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। बताया जाता है कि बदमाशों ने पूरे घर की तलाशी ली। सभी कमरों में, अलमारी, बिस्तर पेटी, दीवान व पूरी सामग्री को खंगाला और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बहू के जेवर सुरक्षित बच गए हैं। इस दौरान घर में मोटरसाइकिल की चाबी मिल जाने पर बदमाशों ने मोटरसाइकिल भी पार कर दी है।

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज




07 जुलाई से
रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

सत्यप्रेम की कथा

कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, राजपाल यादव आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में




ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से
रोजाना 3 शो

02.00 PM (AUDI-1)
06.15 PM (AUDI-1)
08.15 PM (AUDI-1)

INSIDIOUS THE RED DOOR (HINDI- 2D)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में




ऑल इंडिया रिलीज

07 जुलाई से
रोजाना 3 शो

11.45 AM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-1)

1920
HORRORS OF THE HEART (HINDI- 2D)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी (म.प्र)**

E-mail-deo.mpedktn@mp.gov.in , Phone: 07622-231217

**// विज्ञप्ति //**

कटनी दिनांक : 23.06.2023

सर्वधारण की जानकारी एवं मोटर आपरेटर्स की विशेष जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि कटनी जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, राजसात किये गये वाहनों के नीलाम के लिये सीलबन्द निविदाएं जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय जिला कटनी पर आंमत्रित की जाती हैं। राजसात किये गये वाहन उनके नाम के सम्मुख दर्शाये स्थान पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोडकर अन्य किसी भी दिन कार्यालय में दिनांक 25.07.2023 को समय दोपहर 12 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कटनी से प्राप्त की जा सकती है, अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के दूरभाष नंबर 07622-231217 पर संपर्क किया जा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदाएं दिनांक 25.07.2023 को समय दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कटनी में जमा की जा सकती हैं। निर्धारित दिनांक / समय में प्राप्त निविदाऐं दिनांक 25.07.2023 को समय दोपहर 4.00 बजे आबकारी नियंत्रण कक्ष, कटनी में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके वैद्य प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदादाताओं की अनुपस्थिति, निविदा खोलने की प्रक्रिया में बाधक नहीं होगी। वाहनों का प्रकार एवं उनका आफसेट प्राईज निम्नानुसार है:-

| क्र. | स्थान का पता जहां वाहन खड़ा है | पुलिस/आबकारी वृत्त का अपराध क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर | निर्धारित ऑफसेट प्राईज |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | आबकारी मालखाना | 155/2020 | बजाज बॉक्सर | MP 21D 5034 | 3,400 |
| 2 | आबकारी मद्यभाण्डागर | 380/2013 | एक्टिवा स्कूटर | MP 21D 5738 | 7,000 |
| 3 | आबकारी मद्यभाण्डागर | 428/2013 | ऑटो | MP 21 R 1913 | 35,000 |
| 4 | आबकारी मद्यभाण्डागर | 476/2014 | ऑटो | MP 21R 1074 | 20,000 |
| 5 | थाना कुठला | 466/20 | ऑटो | MP 21 R 3375 | 52,000 |
| 6 | थाना उमरियापान | 316/18 | बुलेरो वाहन | MP 20BA 4539 | 1,70,000 |
| 7 | थाना बडवारा | 109/2020 | मोटर सायकल | MP 21 MK 3117 | 11,000 |
| 8 | थाना बडवारा | 434/19 | मोटर सायकल | MP 21MF 8421 | 18,000 |
| 9 | आबकारी मद्यभाण्डागर | पी-8 267 / 14.09.19 | लोहिया ऑटो | MP 21 R 4254 | 82,000 |
| 10 | आबकारी मालखाना | पी-8 146 / 12.08.20 | होण्डा सीबी साईन | Che-ME4JC65DEKG019275 | 37,000 |
| 11 | थाना कुठला | 728/18 | सुजुकीमैक्स आर 100 | MP 21 C 6525 | 1,100 |

प्राप्त निविदा खोले जाने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने पर, निविदादाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा की जायेगी । निविदा में प्राप्त राशि यदि निर्धारित ऑफसेट मूल्य की राशि से अधिक है तो निविदा स्वीकृत किये जा सकते है। यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट मूल्य से कम है तो पुनः विज्ञप्ति जारी की जायेगी। नीलामी की शर्त एवं नियम निम्नानुसार रहेंगे:- **(1.)** वाहन जिस हालत में है उसी हालत में सौंपा जावेगा। **(2.)** निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी। **(3.)** निविदा फॉर्म रूपये 500/- (अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र) प्रोसेडिंग शुल्क जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कटनी में ऑनलाईन ई चालान (आबकारी आनलाईन हेड 0039-00-800-0761) के माध्यम से जमा कर अवकाश के दिनों को छोडकर कार्यालय में दिनांक 25.07.2023 को समय दोपहर 12 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। **(4.)** प्रत्येक वाहन की निविदा के साथ वाहन की ऑफसेट प्राईज की 50 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि) का बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत / अधिसूचित / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बैंकर्स चेक / बैंक केस आर्डर / ऑनलाईन चालान (केनरा बैक को छोडकर) जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी के नाम का निविदा फॉर्म के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार निविदादाता को 100 रूपये का शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज भी निविदा फॉर्म के साथ प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र में उसके द्वारा घोषणा की जावेगी कि "मैने निविदा से संबंधित सारी शर्ते एवं उपबंध समझ लिया है जो कि मुझे स्वीकार है "प्रस्तुत करना होगा। बैंक ड्राफ्ट के अभाव में प्रस्तुत किये जाने वाली निविदा मान्य नही होगी। **(5.)** टेण्डरदाताओं की पहचान एवं निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण के संबंध में (कोई एक दस्तावेज) • पासपोर्ट • स्थायी आयकर लेखा संख्या (पेन) कार्ड। • निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) • ड्राईविंग लायसेंस। • फोटोयुक्त वर्तमान बैंक बचत / चालू लेखा पुस्तिका। • आधार कार्ड। **(6.)** निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण हेतु निम्न दस्तावेज मान्य होंगे। (कोई एक दस्तावेज) • अधिकतम तीन माह पुराना टेलीफोन / मोबाईल बिल • अधिकतम तीन माह पुराना बिजली भुगतान का बिल • अधिकतम तीन माह पुरानी एल.पी.जी गैस रिफिलिंग की रसीद • अधिकतम तीन माह पुराना पानी का बिल • किसी वित्तीय संस्थान द्वारा जारी फोटो युक्त क्रेडिट कार्ड • स्त्रोत पर आयकर कटौती का अद्यतन जारी फार्म 16 में प्रमाण पत्र • बैंक की वर्तमान बचत / चालू लेखा पुस्तिका • आधार कार्ड **(7.)** प्रत्येक सीलबन्द लिफाफे के उपर शब्द "वाहन क्रय संबंधी निविदा एवं वाहन क्रमांक" अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। **(8.)** असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वांछित आवश्यक कार्यवाही पश्चात वापस कर दी जावेगी। किन्तु टेण्डर फार्म की कीमत वापसी योग्य नहीं होगी। **(9.)** सफल निविदाकारों की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृति राशि के विरूद्ध किया जावेगा तथा निविदाकारों को उनकी निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के अन्दर स्वीकृति अनुसार समस्त राशि का भुगतान जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी के पक्ष में करना होगा। इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। समयावधि में राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में निविदाकार की धरोहर राशि कलेक्टर द्वारा राजसात की जावेगी। **(10.)** निविदा के किसी भी बिन्दु पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी का होगा। **(11.)** सफल निविदादाता द्वारा वाहन के नामांतरण, टैक्स जमा करना आदि समस्त कार्यवाही हेतु शुल्क स्वयं ही वहन करना होगी। इस संबंध में नीलामी पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। **(12.)** उपरोक्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है तथा न ही उपलब्ध कराने का विभाग का उत्तरदायित्व होगा। **(13.)** वाहन पर किसी संस्थान, बैंक अथवा निजी व्यक्ति के फायनेंस बावत किसी प्रकार का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा। निविदाकार उल्लेखित वाहनों का अवलोकन नीलामी दिनांक के दो दिवस पूर्व वाहन के खडे रहने के स्थल पर कर सकते है। नीलामी पश्चात इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। (कलेक्टर द्वारा आदेशित)

G16186/23

**(आर.के.बघेल)**
**जिला आबकारी अधिकारी, जिला - कटनी**

यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम।

# छुट्टियां हुई खत्म पर ऊर्जावान रहे बालमन

**बच्चों को शिद्दत से इंतजार रहता है गर्मी की एक माह से भी अधिक अंतराल की लंबी छुट्टियों का क्योंकि यही वो समय होता है, जब बच्चे कुछ ही दिनों में स्कूल का सारा होमवर्क निपटाकर खूब मौज-मस्ती करते हैं, दादा-दादी या नाना-नानी के घर घूमने जाते हैं तो कुछ हिल स्टेशनों या अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते हैं, वहीं कुछ बच्चे समर कैंप तथा अन्य मजेदार एक्टिविटीज से जुड़कर कुछ नया सीखते हैं लेकिन मस्ती-मस्ती में छुट्टियां कब बीत गयी, पता ही नहीं चलता। जब उन्हें पता चलता है कि अब फिर से पहले की ही भांति नियमित स्कूल जाना है तो बाल मन उदास और चिंतित हो जाता है।**



### दिनचर्या में बदलाव

दरअसल इन लंबी छुट्टियों के दौरान बच्चों की दिनचर्या अव्यवस्थित हो जाती है। रात को देर से सोना, सुबह देर से जागना, दिनभर टीवी देखना, मोबाइल गेम या गली-मुहल्ले में दोस्तों के साथ खेलकूद, छुट्टियों में बच्चों की यही दिनचर्या हो जाती है। कुछ आलसी भी हो जाते हैं। ऐसे में लंबी छुट्टियों के बाद दोबारा स्कूल खुलते ही बच्चे का व्यस्त स्कूली रूटीन में लौटना काफी मुश्किल हो जाता है। किन्तु उसे शारीरिक-मानसिक रूप से स्कूल जाने के लिए तैयार करने हेतु स्कूल खुलने से थोड़ा पहले ही कुछ तैयारियां कर लें तो यह कार्य आसान हो जाएगा। वहीं बच्चे को स्कूल जाना शुरू करने में ज्यादा दिक्कतें भी नहीं आएंगी।

### रूटीन में वापसी की पूर्व तैयारी

छुट्टियों के दौरान बच्चों में रात को देर तक टीवी देखने और फिर सुबह लेट उठने की आदत बन जाती है। फिर स्कूल खुलने पर उसे जल्दी उठाकर तैयार करना किला फतह करने से कम नहीं होता। इसके लिए डांट-फटकार से बात नहीं बनने वाली बल्कि जरूरत है उनकी बॉडी क्लॉक में बदलाव लाने की। स्कूल खुलने से कुछ दिन पहले ही बच्चे के सोने-जागने के रूटीन में धीरे-धीरे बदलाव लाने की कोशिश करें ताकि स्कूल जाने को बच्चा जल्दी उठने में परेशान न करे। संभव हो तो छुट्टियों के बाद पहले दिन बच्चे को स्कूल बस या कैब से स्कूल भेजने के बजाय खुद स्कूल छोड़ने जाएं ताकि वह खुशी-खुशी स्कूल जाए।

### मनभावन सामान और लंच बॉक्स मैन्यू

बच्चों को प्रायः स्कूल से जुड़े सामानों को लेकर खास लगाव होता है, जैसे स्टेशनरी, पानी की बोतल, डिजाइनदार स्कूल बैग, नए जूते, आकर्षक लंच बॉक्स आदि। आवश्यकतानुसार इस प्रकार की चीजें बच्चे को उसकी पसंद के अनुसार दिलवाकर उसे स्कूल जाने के लिए उत्साहित किया जा सकता है। चंचल बालमन इस प्रकार की नई-नई चीजें स्कूल में अपने दोस्तों को दिखाकर उत्साहित होता है और उसका मन स्कूल जाने के लिए लालायित होता है। वैसे तो मम्मियां सालभर इसी प्रयास में लगी रहती हैं कि बच्चे का लंच बॉक्स पोषक तत्वों से भरपूर हो किन्तु जब बच्चा छुट्टियों के बाद स्कूल जाना शुरू करता है तो कोशिश करें कि बच्चे का लंच बॉक्स उसकी पसंद का हो। उसे खाने में क्या पसंद है, यह ध्यान रखकर ही कुछ दिन उसके लंच बॉक्स का मेन्यू तैयार करें। यदि लंच बॉक्स में उसकी फेवरेट डिश होंगी तो वह खुश मन से स्कूल जाएगा। इसके लिए बच्चे से बेशक पूछ भी लें।

### होमवर्क व पढ़ाई में मदद

बच्चे का होमवर्क या प्रोजेक्ट वर्क कराने में उसकी यथासंभव मदद करें और अच्छा कार्य करने पर उसकी प्रशंसा कर प्रोत्साहित करना न भूलें। होमवर्क पूरा होने के बाद जांच लें कि उसमें किसी प्रकार की कमी न रह गई हो, जिससे बच्चे को स्कूल जाने के बाद टीचर की डांट खाकर सहपाठियों के समक्ष शर्मिंदा न होना पड़े। छुट्टियों में बच्चों का मन पढ़ाई-लिखाई से हट जाता है, उन्हें पूरा दिन मौजमस्ती के सिवा कुछ नहीं सूझता। ऐसे में स्कूल दोबारा शुरू होने के बाद उनके मन-मस्तिष्क पर एकाएक पढ़ाई का बोझ पड़ता है तो वे चिंतित व उदास हो जाते हैं और फिर उनका स्कूल जाने का मन भी नहीं करता। अतः जरूरी है कि स्कूल खुलने से कुछ दिन पहले से ही बच्चे को प्रतिदिन थोड़ी देर पढ़ने के लिए बैठाएं ताकि वह स्कूल खुलने पर इस चुनौती का सहजता से सामना कर सके और पढ़ाई-लिखाई में न पिछड़े।

### सहपाठियों से संपर्क

छुट्टियों के दौरान बच्चा अक्सर अपने गली-मुहल्ले के बच्चों के साथ ही खेलता हैं लेकिन इस दौर में भी वह स्कूल के माहौल से जुड़ा रहे, इसके लिए जरूरी है कि उसका घर के आसपास रहने वाले उसकी कक्षा के अन्य बच्चों के साथ सम्पर्क बना रहे। उसे अपने स्कूली दोस्तों के साथ बैठकर होमवर्क पूरा करने और खेलने-कूदने के लिए मोटिवेट करें। स्कूली दोस्तों को घर बुलाकर छोटी-सी पार्टी भी की जा सकती है। इससे बच्चे का स्कूल के प्रति उत्साह बरकरार रहेगा।

लेखिका शिक्षिका हैं।

**श्वेता गोयल**

# डेटा सुरक्षा की पहल

**जैसे-जैसे हमारे जीवन में ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार हुआ, डेटा सुरक्षा और व्यक्ति की निजता की सुरक्षा के लिये सख्त कानून की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की गई। खासकर पिछले कुछ वर्षों में धोखाधड़ी और डेटा के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ती रही हैं। सरकार ने अब इस दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। जिससे मानसून सत्र में विधेयक के संसद में पेश किये जाने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, सरकार के भीतर और बाहर संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कानून को लेकर कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2019 में व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश किया था और तुरंत एक संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया था। पैनल को अपनी रिपोर्ट पेश करने में करीब दो साल लग गये। जिसमें समिति ने सिफारिश की थी कि किसी भी प्रावधान के आवेदन में सरकारी एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत डेटा के उपयोग से जुड़ी छूट को लेकर पर्याप्त सुरक्षा उपाय निर्धारित किये जाने चाहिए। जिससे निजी डेटा के दुरुपयोग की आशंका को टाला जा सके। अंततः अगस्त, 2022 में पुराने विधेयक को वापस ले लिया गया और तीन महीने बाद सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक का मसौदा जारी किया। फिर सार्वजनिक रूप से परामर्श आरंभ किया। मसौदे को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई क्योंकि इसमें केंद्र द्वारा अधिसूचित संस्थाओं को नागरिकों का डेटा एकत्र करने और उसके उपयोग के उद्देश्य के बारे में स्पष्टीकरण देने से छूट दी गई थी। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि लोगों को आश्वस्त किया जाये कि नवीनतम मसौदे में सरकारी एजेंसियों को पूर्ण छूट नहीं दी गई है। साथ ही विधेयक में मानदंडों के उल्लंघन से जुर्माने के दायरे में उन्हें भी आना होगा।

बताया जा रहा है कि डिजिटल डेटा संरक्षण कानून निजी तथा सरकारी संस्थाओं पर समान रूप से भी लागू होगा। अब आईटी कंपनियों को यह जानकारी साझा करनी होगी कि वे नागरिकों की कौन सी सूचनाएं अथवा आंकड़े जुटा रही हैं और कितना संग्रहण कर रही हैं तथा कितना किसी अन्य के साथ साझा कर रही हैं। यह इसलिये भी जरूरी है कि पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों के आधार कार्ड व पैन कार्ड से संबंधित डेटा चोरी होने, साझा करने तथा लीक करने के मामले लगातार प्रकाश में आते रहे हैं। संदेह की सुई देशी-विदेशी कंपनियों की तरफ घूमती रही है। सख्त कानून के अभाव में सरकार भी कार्रवाई करने में असहाय नजर आती रही है। इतना ही नहीं, कई सुविधा प्रदाता कंपनियों के सर्वर तक विदेशों में स्थित होते हैं। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विदेशों में रखे डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर आम उपभोक्ता जब कोई एप डाउनलोड करता है तो हमारी निजी जानकारी तक पहुंचने की अनुमति मांगी जाती है। हमारे फोन पर लगातार आने वाली व्यावसायिक कॉल इस बात का संकेत हैं कि हमारे फोन नंबर विभिन्न व्यावसायिक कंपनियों को बेचे गये हैं। निस्संदेह, अब डेटा संरक्षण कानून बनने के बाद इन कंपनियों को जवाबदेह बनाने में मदद मिलेगी।

# टमाटर के भी भाव बढ़ गये

भाव कब किसके बढ़ जायें कुछ कहा नहीं जा सकता, आजकल टमाटर के भाव बढ़ गये हैं। कभी प्याज के भाव बढ़ा करते थे, कभी आलू के भाव भी बढ़ा करते थे, यह मामूली सी लगने वाली सब्जियां,,, सरकारों तक को पलटने की क्षमता रखती हैं। इनको बहुत सामान्य ना समझा जाये, आजकल स्थिति कुछ ऐसी ही है,, क्योंकि निकट भविष्य में चुनाव होने वाले हैं।



टमाटर आजकल कुछ ज्यादा ही लाल हो गया है। अब तो उसके भाव भी बढ़ गए हैं कल तक मारा मारा फिरता था कोई चार रूपया किलो में खरीदने वाला नहीं था। मंडी में किसान छोड़ कर चले जाते थे किसानों की लागत भी नहीं निकल पाती थी और आज देखिए आज चालीस नहीं अस्सी और सौ रूपए किलो में बिक रहा है। अब यह सेव फल की बराबरी से अपने आप को स्थापित करने में लगा है। गरीबों ने खाना ही बंद कर दिया है। मध्यमवर्ग कम उपयोग कर रहा है। सिर्फ उच्च वर्ग इसका उपयोग कर रहा है वह भी जिसे इसके भाव की भी जानकारी नहीं रहती है। क्योंकि खरीद कर लाने वाले कोई और होते हैं। मित्र मंडी से लौट रहे थे बोले थोड़ी थोड़ी सब्जी ले आया हूं लेकिन टमाटर नहीं लाया क्योंकि बहुत महंगा हो गया है। कह रहे थे अब जब टमाटर सस्ता होगा तो उसे काट के सुखा लेंगे, और डब्बे में भर लेंगे, जब महंगा हुआ करेगा तो उसे ही उपयोग किया करेंगे। यह हालांकि बहुत पुरानी विधि है लेकिन आजकल लोग इसे अपनाते नहीं है इसकी आवश्यकता जरूर है, और आज भी है। मित्र बोले किसान नहीं,, अब तो पैसा वाले लोग ही पैसा कमाते हैं। क्योंकि किसान जब फसल लगाता है तो मौसम के हिसाब से लगाता है। और वह फसल एक साथ आ जाती है अधिक होने के कारण भाव कम हो जाते हैं। और किसान को कीमत भी नहीं मिल पाती है किंतु आधुनिकता के इस युग में बड़े किसानों ने अथवा पढ़े लिखे लोगों ने इसका नया रूप तैयार कर लिया है। अर्थात पोली हाउस मैं टमाटर, सब्जी आदि की खेती कर लेते हैं। जो महंगी खेती है। लेकिन मित्र इस में उससे अच्छी कमाई हो जाती है। जिसका लाभ भी मिलता है। ज्यादातर किसान पारंपरिक खेती करते हैं। वह यह सब करने में सक्षम भी नहीं होते, और कर भी नहीं पाते हैं। लेकिन समय के अनुसार बदलाव की आवश्यकता तो है खासकर युवाओं को इस क्षेत्र में आने की खास जरूरत है क्योंकि जो नवीन तकनीकी है उसे युवा जल्दी समझ सकते हैं और उसको खेतों में उतार भी सकते हैं। जिससे एक समानता बनी रह सकती है। साथ साथ बहुत से छोटे उद्योग भी लगाए जा सकते हैं जो इन सब्जियों को फेंकने से या नष्ट होने से बचाकर उनके उत्पाद के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं।

माहौल देखकर नेता जी भी इस मौके पर चौका लगा देना चाहते हैं। और टमाटर के भाव को लेकर सरकार कोसने में लग गये,, चुनाव का टाइम हो, अथवा कोई दूसरा, आलू, प्याज, टमाटर या अन्य वस्तुयें जो दैनिक उपयोगी है, उनके भाव बढ़ते ही जनता के चहेते नेता सड़कों पर आ जाते हैं और तब उन्हें गरीबों की बहुत चिंता सताने लगती है। ऐसे ही प्रवचन दे रहे और हो हल्ला मचा रहे एक नेता जी से एक पत्रकार ने जा कर पूछ लिया सर आप यह जो टमाटर की कीमत को लेकर हड़ताल कर रहे हैं आज का भाव क्या है बताने की कृपा करेंगे नेता जी को भाव तो कुछ पता नहीं था उन्होंने आनन-फानन में कह दिया पाकिस्तान में चार सौ रूपया किलो है तो हमारे यहां उसका आधा दो सौ तो है ही, यह बात हम मानते हैं, लेकिन फिर भी बहुत ज्यादा है। पत्रकार ने कहा महोदय जी हमारे यहां दो सौ नहीं हैं, हमारे यहां सिर्फ अस्सी रुपए किलो है। आपको भाव तक पता नहीं है वह शर्माते हुए बोले हां हां आज का भाव मुझे पता नहीं है। बहरहाल जो भी है, टमाटर और सब्जियों के बढ़े हुए भावो ने कई नेताओं की नींद हराम कर रखी है। सरकार भी चौकस हो गई है और टमाटर और सब्जियों को बहुत ही तिरछी नजर से देख रही है।बाहरी हाथ होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। नेता इसकी चिंता में सो नहीं पा रहे हैं। कई नेता जो विपक्ष में हैं, वह इसका लाभ भी उठाना चाहते हैं। भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं,, हे प्रभु चुनाव तक इसी तरह का भाव बनाए रखें ताकि हमे भी कुछ भाव मिल जाये।

**सुरेश विचित्र जबलपुर**

## आपका राशिफल 9 जुलाई

शुभांक - 325

पं. लोकेश व्यास

- **मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कार्यक्षेत्र में आपकी आपके जूनियर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है धैर्य बनाए रखें
- **वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज आपको किसी को भी धन उधार देने से बचना होगा वाणी में संयम रखें
- **मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज आपको किसी को भी धन उधार देने से बचना होगा वाणी में संयम रखें
- **कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज का दिन खर्च से भरा रहने की उम्मीद है सोच समझकर ही निवेश करें भगवान चंद्र देव की पूजा करें
- **सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज आपको परिवार के किसी सदस्य की ओर से सरप्राइस गिफ्ट मिल सकता है माहौल खुशनुमा रहेगा
- **कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — दिनभर व्यस्तता बनी रहेगी शेयर मार्केट में निवेश करने से पहले सोच समझ ले भगवान शंकर की आराधना करें
- **तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते) — अत्यधिक तनाव से बचें स्वास्थ्य पर ध्यान दें दिनभर भागदौड़ बनी रहेगी योग प्राणायाम अवश्य करें
- **वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — किसी पर भी अत्यधिक विश्वास करने से बचें अविवाहित लोगों के लिए कोई रिश्ता आ सकता है भगवान विष्णु का पूजन करें
- **धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आपका कोई नया मित्र बन सकता है नए लोगों से मेलजोल बनाने से आपको भविष्य में सहायता मिल सकती है दुर्गा चालीसा का पाठ करें
- **मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आपके धार्मिक यात्रा में जाने के योग दिख रहे हैं दिनभर व्यस्तता बनी रहेगी भगवान सूर्य देव को जल अर्पित करें
- **कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — दिन संबंधित आज आपको मदद मिल सकती है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा माता लक्ष्मी की आराधना करें
- **मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अत्यधिक काम की वजह से शारीरिक थकान हो सकती है कोई आवश्यक सूचना मिल सकती है भगवान शनि देव का पूजन करें

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

संपर्क - 9009074786

# मस्तीभरे गानों ने बांधा समां

जबलपुप ,यशभारत। कला वीथिका में सरस्वती करअईको ग्रप द्वारा धमाकेदार एवं मस्ती भरे गानों के शानदार प्रोग्राम में सभी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गयीखचाखच भरे हॉल मैं संगीतमय वातावरण सभी को आनंदित कर रहा था शुरूआत अध्यक्षा सरस्वती देवी के भजन यशोमति महिया से बोले नंदलाला ..से हुई । कार्यक्रम में केके तिवारी का विशेष सहयोग व योगदान रहा तथा उनका गायन भी तलियों की गड़गड़ाहट के साथ आनन्दमय महोल मे सम्पन्न हुआ गायकों में मुख्यतः अनिल बाजपेयी राजू बेन और यू पूर्णिमा अग्रवालरवीन्द्र त्रिपाठी ,,विश्वकर्मा ऐ ,,प्रीति पटेल ओपी सिंह ,,मनोज शर्मा , गौरव सहगल तथा उदय बेडेकर ,श्री किशोर कथूरिया जी, राजेश अग्रवाल, शशिकांत,द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई संचालन श्री अय्याज़ द्वारा बड़े ही रोचक ढंग से किया




# नागपुर भोपाल वंदे भारत हो प्रारंभ,आमला में लगे रेल नीर कारखाना - सांसद डी.डी. उइके

बैतूल , यशभारत। मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल की बैठक में बैतूल हरदा हरसूद संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री दुर्गादास उइके द्वारा महाप्रबंधक मध्य रेल एवं मंडल रेल प्रबंधक नागपुर के सामने नागपुर रेल मंडल में आने वाले मुलताई, आमला, बैतूल, मरामझीरी,घोड़ाडोंगरी, बरबतपुर रेलवे स्टेशन की विभिन्न मांगो को रखा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद श्री उइके ने बैतूल में रेलवे कोर्ट अभी तक ना लग पाने एवं गंज अंडरब्रिज की पुलिया में रेलिंग तथा लाइटिंग ना होने के विषय में विस्तृत चर्चा की।प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सांसद श्री उइके ने दक्षिण एक्सप्रेस में अतिरिक्त जनरल बोगी एवं पातालकोट एक्सप्रेस में पैंट्री कार लगाने का सुझाव भी विभाग को दिया।उन्होंने कहा की मुलताई बैतूल जिले की पवित्र नगरी दर्जा प्राप्त शहर है जहा से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं तथा व्यापारियों का नागपुर तथा जबलपुर की ओर आना जाना होता है, इस हेतु अमरावती जबलपुर एक्सप्रेस का मुलताई रेलवे स्टेशन पर स्टापेज होना अति आवश्यक है, नागपुर से इटासरी के रास्ते भुसावल तक जाने वाली दादाधाम एक्सप्रेस खंडवा स्थित दादाजी के भक्तो के लिए एक महत्वपूर्ण आवागमन का साधन भी है और नागपुर भुसावल के मध्य चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन भी है कोरोना काल के बाद जिसका परिचालन बंद करने से यात्रियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है अगर यह ट्रेन प्रारंभ की जाती है तो इस क्षेत्र के यात्रियों को कई सुविधाएं प्राप्त होगी।जिस पर महाराष्ट्र तथा भुसावल रेल मंडल क्षेत्र से पधारे सांसद गणों द्वारा भी एकमत होकर सांसद श्री उइके का समर्थन किया गया। उन्होंने बैतूल रेलवे स्टेशन पर भगत की कोठी एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस,मदुरै देहरादून एक्सप्रेस तथा बरबतपुर रेलवे स्टेशन पर अंडमान एक्सप्रेस पेंचवेली पैसेंजर का स्टापेज किए जाने की मांग की।बैतूल चांदूर बाजार रेलवे लाइन तथा फेड कॉरिडोर एवं तीसरी लाइन के संबंध में भी श्री उइके ने रेल विभाग से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा कार्य के मध्य आ रही कठिनाइयों से रेल मंत्री तथा केंद्रीय विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने हेतु आश्वस्त किया।



सांसद श्री उइके ने कहा की क्षेत्रवासियों की मांग तथा अनेकों आवेदनों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई की कोविड काल के पूर्व में आमला से बैतूल के मध्य एबी शटल पैसेंजर चलती थी जिसका समय प्रातः सात बजे था, अब उसकी जगह रेल प्रशासन ने मेमू ट्रेन प्रारंभ की है जो आमला से इटारसी हेतु निर्धारित समय प्रातः 8 बजे है लेकिन आमला बरसाली मलकापुर के आदिवासी अंचल के छात्र छात्राओं की शिक्षा के दृष्टिगत मेमू ट्रेन का समय 7 बजे करने के निर्देश विभाग को दिए गए जिससे छात्र छात्राएं को समय पर स्कूल, कॉलेज तथा कोचिंग पहुंच सके। श्री उइके ने महाप्रबंधक मध्य रेल से कहा की व्यापारियों तथा मध्यम वर्ग की सुविधाओ के दृष्टिगत नागपुर बैतूल भोपाल हेतु वंदे भारत ट्रेन का परिचालन किया जाए।श्री उइके ने कहा की रामनगर तथा गार्गकॉलोनी की ओर से अगर रेल माल गोदाम बैतूल की ओर एक अंडरब्रिज का निर्माण किया जाता है तो इस क्षेत्र की जनमानस को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।बैतूल में आमला की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे पुलिया पर पूर्व में एक बांध हुआ करता था जो अब टूट चुका है अगर रेल विभाग उस बांध का पुनर्निर्माण करता है तो क्षेत्र का जलस्तर भी बढ़ेगा तथा रेलवे स्टेशन पर भी स्वच्छ जल से निरंतर सप्लाई की जा सकेगी।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त यश भारत नये जमाने के साथ..

Classified

क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)

• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ

भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन

बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

## फिल्म वर्ग पहेली- 6218



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरुख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका ?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है ?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लकी अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6217



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6731

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6730 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली - 7733



**बाएँ से दाएँ**

1.अभिप्राय,अभिव्यक्ति-3
3.सादापन,भोलापन-4
6.अवश्य-3
7.कांच का मर्तबान-2
8.पानी से सराबोर-2
10.करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12.उद्धार,उत्कृष्ट-3
15.माला का मोती-3
17.सेवक,रोगी की देखभाल करने वाला-5
20.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22.चलने का ढ़ंग-2
23.गर्भ-3
24.निम्न,निकृष्ट-4
25.कथा,गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2.कमरे में बंद करना-5
3.ईमान,नियत-3
4.क्षारीय-4
5.दीदार-3
7.आशिक,यार-2
9.एक विदेशी मदिरा-2
11.लीन,व्यस्त,मशगूल-3
13.उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15.मतवाला,उन्मादी-4
16.चाचा,अंकल-2
18.पैंतरा,वेग-2
19.काफी,कोको -3
21.गिरवी वस्तु-3

शब्द पहेली -7732 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# केंद्रीय विद्यालयों में लगेगी बाल वाटिका, तीन से पांच साल के बच्चे खेल-खेल में सीखेंगे ककहरा

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-दो और तीन में इस सत्र से बाल वाटिका शुरू हो रही हैं। इनमें प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन वाटिका में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करना सिखाया जाएगा। यह पहला मौका है जबकि निजी स्कूलों की तर्ज पर केंद्रीय विद्यालयों में तीन साल की उम्र से बच्चों को प्रवेश देने के लिए बाल वाटिका यानी प्ले स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में प्रदेश में करीब 25 केंद्रीय विद्यालयों में इसकी शुरुआत की जा रही है। वहीं देशभर में 1252 केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में से 450 में बाल वाटिका की शुरुआत की जा रही है। अभी तक केंद्रीय विद्यालयों में पहली कक्षा से कक्षाएं शुरू होती थी, लेकिन अब प्री-प्रायमरी कक्षाएं भी संचालित होंगी। इसमें पढ़ाने के लिए अतिथि शिक्षकों की भी भर्ती की जा रही है। बता दें कि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले साल केंद्रीय विद्यालयों में बाल वाटिका शुरू करने के निर्देश दिए थे। मप्र में इसकी शुरुआत इस सत्र से की जा रही है।



खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

केंद्रीय विद्यालयों में प्ले स्कूल खोलने का उद्देश्य यह है कि जल्द से जल्द तीन वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चे औपचारिक शिक्षा के दायरे में आ जाएं। बाल वाटिका में खेल-खेल में पढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। बाल वाटिका का उद्देश्य बच्चों के मन से पढ़ाई का डर निकालते हुए उन्हें रोचक तरीके से शिक्षा से जोड़ना और उनका मानसिक व बौद्धिक विकास करना है।

### ऐसे मिलेगा प्रवेश

बच्चों को तीन साल की उम्र से बाल वाटिका एक, चार साल की उम्र से बाल वाटिका दो और पांच साल की उम्र के लिए बाल वाटिका तीन के लिए प्रवेश दिया जाएगा। आनलाइन आवेदन और लाटरी के माध्यम से बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। केवी-तीन में बाल वाटिका-तीन में 40 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन छह जुलाई से प्रारंभ हो गए हैं। 18 जुलाई तक आवेदन होंगे। 20 जुलाई को चयन सूची जारी होगी। 21 से 28 जुलाई तक प्रवेश लिया जाएगा। 29 जुलाई से कक्षाएं प्रारंभ होंगी।

" पहले चरण में भोपाल संभाग में बाल वाटिका-तीन शुरू की जा रही है। 25 स्कूलों में इस सत्र से शुरू होगी। स्कूलों में जगह के मुताबिक बाल वाटिका की शुरुआत की जाएगी।

**- आर सेंथिल कुमार, डिप्टी कमिश्नर, केंद्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग**

# तीन से ज्यादा दुकानों पर नहीं मिली किताबें और यूनिफार्म तो स्कूल पर होगी कार्रवाई

**भोपाल, यशभारत।** जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा भले ही लगातार कार्रवाई की जाती रही हो, लेकिन स्कूल प्रबंधन और सामग्री बेचने वाले दुकान संचालकों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। अब भी शहर में ऐसे कई बड़े स्कूल हैं, जिनकी यूनिफार्म, किताबें वगैरह एक निश्चित दुकान पर उपलब्ध है। इसी के चलते कलेक्टर आशीष सिंह ने शुक्रवार को 70 से अधिक स्कूल प्राचार्य, प्रबंधकों की बैठक ली और सख्त निर्देश दिए हैं कि तीन से अधिक दुकानों पर स्कूल सामग्री अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। इतना ही नहीं स्कूल में बच्चों को लेकर आने वाले निजी वाहनों की जानकारी भी प्रबंधन को रखनी होगी और सभी स्कूल वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन होना चाहिए। कलेक्टर ने बैठक में यह भी कहा है कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो आगामी दिनों में स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कई दिनों से ठप है कार्रवाई

कुछ दिनों पहले स्कूल सामग्री बेचने वाली निश्चित दुकानों पर प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई भी की थी। इसके बाद से कार्रवाई ठप हो गई है। इसके चलते स्कूल प्रबंधन



सांठगांठ कर एक ही दुकान से सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल प्रबंधन, ड्रेस, किताब और अन्य सामग्री के लिए मोनोपाली नहीं कर सकते हैं। शहर में कम से कम तीन से अधिक दुकानों पर सभी स्कूल की सामग्री मिलनी चाहिए। इसके लिए किसी भी एक दुकान को अधिकृत नहीं किया जा सकता है।

### स्कूल प्रबंधन की बच्चों को घर तक छोड़ने की जिम्मेदारी

जिले के सभी निजी स्कूलों के प्राचार्य और प्रबंधन के अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि बच्चों को स्कूल से घर तक छोड़ने की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम बसों में अनिवार्य रूप से किए जाएं। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग और आरटीओ द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन बस संचालकों और स्कूल प्रबंधनों द्वारा किया जाएगा।

# युवक को चप्पलों से पीटते, तलवे चटवाते वीडियो वायरल

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के ग्वालियर शहर से भी सीधी जैसी अमानवीयता एक और का वीडियो सामने आ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक युवक को चप्पलों से पीटा जा रहा है। उसे बेरहमी से लात-घूंसे मारे जा रहे हैं। मारपीट करने वाले गुंडे युवक से अपने तलवे चटवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में मारपीट करने वाले युवक से कहलवा रहे- बोल गोलू गुर्जर बाप है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो ग्वालियर का है। पीड़ित युवक डबरा के जंगीपुरा का रहने वाला मोहसिन है। जबकि मारपीट करने वाला गोलू गुर्जर के बारे में बताया जा रहा है कि उसका एक घर डबरा और एक गोका मंदिर में है। एएसपी जयराज कुबेर के अनुसार, कुछ समय पूर्व मोहसिन और गोलू के छोटे भाई के बीच झगड़ा हो गया था। सात दिन पहले मोहसिन मालनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां रहने चला आया। इस बीच मोहसिन को किसी बहाने ग्वालियर बुलाया गया। यहां से उसे गोलू गुर्जर उसके साथी कार में डालकर ले गए। कार में उसके साथ अमानवीय घटना को अंजाम दिया। मारपीट के दो वीडियो सामने आए-वीडियो में एक कार के अंदर एक युवक को कुछ गुंडे घेरकर बैठे हुए हैं। बेरहमी से उसे लात-घूंसे मार रहे हैं। एक युवक उसी कार में बैठकर वीडियो शूट कर रहा है। मोबाइल के सामने मारपीट करने वाला युवक बार-बार उस युवक से बुलवाने की कोशिश कर रहा है- गोलू गुर्जर बाप है। इसी बीच मारपीट करने वाला युवक मुंह कैमरे की तरफ मोड़ता है और उससे पैर का तलवा चटवाता है, बोलता है- पैर दबा और तलवे चाट। जब युवक तलवा नहीं चाटता तो उसके मुंह में जबरन पंजा डाल देता है। बहुप्रसारित वीडियो के सबंध में एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने क्राइम ब्रांच और दो थानों की टीम को इसकी पड़ताल में लगाया है। बताया गया है कि रात को पुलिस ने आरोपित की तलाश में दबिश दी है।

# आरपीएफ जवान ने बचाई महिला यात्री की जान

## ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच घिसटने लगी थी महिला

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के रानी कमलापति स्टेशन पर आरपीएफ जवान ने एक महिला यात्री की जान बचाई। महिला यात्री का पातालकोट एक्सप्रेस पर चढ़ने की कोशिश में पैर फिसल गया और वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच लटकते हुए घिसटने लगी। तभी वहां मौजूद एक आरपीएफ जवान महिला की ओर दौड़ा और उसका हाथ पकड़कर खींचते हुए जान बचा ली। जवान के इस काम की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। महिला को हादसे में हल्की चोट आई। बता दें कि कुछ दिन पूर्व भोपाल रेलवे स्टेशन पर भी एक महिला यात्री के साथ ऐसा ही हादसा पेश आया थ, जहां एक महिला आरक्षक ने उसकी जान बचाई थी।भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर पातालकोट एक्सप्रेस



में चढ़ते समय एक महिला यात्री का पैर फिसल गया। वहां मौजूद आरपीएफ के जवान ने उसकी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम करीब पौने छह बजे रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म-3 पर गाड़ी संख्या 14623 पातालकोट एक्सप्रेस आकर रुकी थी। उसी ट्रेन से छिंदवाड़ा से मंगलवती साहू नामक यह महिला सफर कर रही थी। वह रानी कमलापति स्टेशन पर पानी लेने के लिए उतरी, तभी ट्रेन चल दी। इस पर वह चलती ट्रेन में चढ़ने लगी, जिस कारण उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच की जगह में लटक गई। वहां मौजूद आरपीएफ आरक्षक रामवीर सिंह यह देख तुरंत उसकी ओर लपके और महिला को पकड़कर ऊपर खींच लिया। इस घटना से महिला काफी सहम गई और कुछ देर तक उसके मुंह से बोल नहीं फूटे। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने आरपीएफ आरक्षक की इस तत्परता के लिए भरपूर सराहना की।यह पूरी घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

# युवा सुरजीत की ताजपोशी, क्या इन्दौर में किला लड़ा पाएगी कांग्रेस?

**इन्दौर, यशभारत।** कांग्रेस में काफी जद्दोजहद और उंहापोह के बाद अंततः इन्दौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर युवा सुरजीत सिंह चड्ढा को मनोनीत कर दिया गया इसके पहले अरविंद बांगडी को इन्दौर शहर कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था, लेकिन इन्दौर शहर के कांग्रेसियों की फितरत के अनुसार अंदरुनी खींचतान तथा बाहरी विरोध समर्थन के चलते उसे होल्ड कर दिया था अब युवा सुरजीत के रूप में अपहोल्ड किया गया है। अरविंद बांगडी को शोभा ओझा के खास समर्थक की वजह से शहर अध्यक्ष बनाया जा रहा था, आज मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन में अध्यक्ष कमलनाथ के बाद शोभा ओझा परोक्ष रूप से दो नम्बर की हैसियत रखती हैं, इसी वजह से अरविंद बागड़ी को शहर अध्यक्ष नहीं तो प्रदेश कांग्रेस में महासचिव बना दिया गया है। हालांकि इन्दौर से विशाल गोलू अग्निहोत्री को भी प्रदेश कांग्रेस संगठन में महासचिव के रूप में शामिल किया गया है । युवा सुरजीत सिंह के लिए कहा जा सकता है कि शहर अध्यक्षी का ज्ञान उन्हें विरासत में मिला है उनके पिता स्व उजागर सिंह चड्ढा भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके थे और तब ही सुरजीत राजनीति (शहर कांग्रेस की नहीं) के गुर सीखने लगे थे लेकिन उस वक्त इन्दौर कांग्रेस में इस तरहा की बेशुमार गुटबाजियां नहीं थी भोपाल से डायरेक्ट दिग्विजय सिंह का कमांड रहता था इन्दौर कांग्रेस में ये गुटबाजियां तो दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री पद के जाने के साथ आई थी तथा तब से ही लगातार बढ़ती ही जाती रही है जिसकी वजह से विगत अठारह बीस सालों में कांग्रेस शहर में इस हालत में पहुंच चुकी है कि शहर विधानसभा सीटों पर फतह करना तो दूर लड़ाई ही सम्मानीय हो । हां बीजेपी के उम्मीदवार इसका मौका खुद ही कभी कभी अपनी इस लगातार जीत के दंभ में कांग्रेस उम्मीदवार को दे देते हैं, जैसा गत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक एक में हुआ था।कांग्रेस प्रदेश संगठन ने युवा सुरजीत पर भरोसा जताया है और सुरजीत को भी दिग्विजय सिंह और अब जयवर्धन सिंह का समर्थक के साथ शहर में स्व. महेश जोशी गुट का माना जाता है तो सबसे बड़ी चुनौती सुरजीत के सामने विभिन्न गुटों में बटी शहर की कांग्रेस में ये मची गुटबाजियां खत्म नहीं तो मैनेज करना ही है, जोकि आगामी विधानसभा चुनाव से भी बड़ी चुनौती है, हालांकि यह भी युवा सुरजीत के लिए असंभव ही है क्योंकि इन्दौर के कई नेता स्टेट ही नहीं सेन्ट्रल लेबल तक के डायरेक्ट टच में रहते हैं जैसे पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल प्रियंका गांधी तो वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री



जीतू पटवारी राहुल गांधी के तो सोनकच्छ विधायक और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा कमलनाथ के, ये तो एक तरह से घोषित तौर पर ही कुछेक नाम गिनाए गए हैं, और भी कई है।यहां यह भी ज्ञात हो कि अभी तक के इन्दौर शहर कांग्रेस के मनोनीत अध्यक्षों में सुरजीत ही इतनी कम उम्र में इस पद पर मनोनीत हुए हैं इसलिए ही उनको यहां युवा सुरजीत कहा गया है, तो युवा सुरजीत के सामने इन्दौर के इन वयोवृद्ध, वरिष्ठ, गरिष्ठ और उम्रदराज मंझे हुए कांग्रेसियों के साथ संतुलन समन्वय जमाते आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सत्तारूढ़ बीजेपी के प्रत्याशियों के सामने संघर्ष की चुनौती पेश करना ही है क्योंकि इन्दौर शहर की पांच विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीतने की संभावना विगत नगर निगम और महापौर के चुनाव में साफ साफ दिखाई दे गई है। कमलनाथ चाहे कितना भी अपने सर्वे और राहुल कि भारत जोड़ो यात्रा के इम्पेक्ट बतौर प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने का दावा कर ले लेकिन इन्दौरी मतदाताओं की फितरत उसके उलट ही है जिससे इन्दौर शहर की पांचों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की किला फतह करने की संभावना ही नहीं बनती है, बात किला लड़ाने की ही बचती है तो क्या सुरजीत उसमें भी सफल हो पाएंगे। नहीं तो सुरजीत की यह ताजपोशी नरेन्द्र सलूजा के बीजेपी में जाने से कांग्रेसी घाव पर मरहम पट्टी ही साबित होगी और कुछ नहीं।

# 105 करोड़ की लागत से बनेंगे नौ छोटे पुल

**भोपाल, यशभारत।** लोक निर्माण विभाग की स्थाई वित्त समिति ने कल प्रदेश भर में बनने वाले छोटे नौ पुलों के साथ 227 करोड़ 81 लाख रुपयों की लागत से 47 कार्यो को स्वीकृति दी है। वहीं 28.49 करोड़ की लागत से चार कार्यो के लिए पुनरीक्षित स्वीकृति भी दी गई है।मध्?य प्रदेश के सागर, खरगोन, इंदौर, रतलाम सहित कई जिलों में 105 करोड़ 15 लाख रुपयों की लागत से नौ छोटे पुल बनाए जाएंगे। इनमें एक रेलवे अंडरब्रिज भी शामिल है।रीवा जिले में सोहागी बड़ागांव कोरगांव में बेलन नदी (डीह) पर पहुंच मार्ग सहित पुल, रौसर चौराहे से कुठुलिया मार्ग में बीहर नदी पर जलमग्नीय पुल सहित भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, इंदौर एवं रीवा संभाग में पुलों, फ्लाईओवर, आरओबी के परामर्श सेवाओं के लिए स्वीकृति दी है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने बताया कि सागर जिले में बड़गान से पर्रका मार्ग स्थित सत्तीघाट सुनार नदी पर, बड़गान पर्रका मार्ग पर देहार (सत्तीघाट) उच्चस्तरीय पुल, राहतगढ़ छिरखेड़ा दरकोजी मार्ग पर बरैनीघाट के पास बीना नदी पर जलमग्नीय पुल बनाया जाएगा। इसके साथ ही खरगोन जिले में कसरावद पीपलगोन मार्ग पर वेदा नदी पर उच्चस्तरीय पुल, इंदौर जिले में जामोदी सोलसिंधी अतरालिया क्षिप्रा नदी पर जलमग्नीय पुल, रतलाम में मोरवानी पर अंडरब्रिज, पन्ना जिले में ग्राम उमरहट मेन्हा में केन नदी पर जलमग्नीय पुल, दमोह जिले में नरयावली मंगोला के सीतानगर में सुनार नदी पर जलमग्नीय पुल बनाया जाएगा।

# धड़ल्ले से बिक रहा है खुदाई में निकल रहा कोपरे का मटेरियल

## कायाकल्प योजना के तहत वलेजा पेट्रोल पंप से छतरी तक कि सड़क का करोड़ो की राशि से निर्माण

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा नगरों के विकास के लिए विवत दिनों कायाकल्प योजना अंतर्गत प्रदान की गई राशि से प्रारम्भ हुए सड़क के निर्माण कार्य में विकास कार्य शुरू होने के साथ ही भ्रष्टाचार होना शुरु हो गया है। प्रशासनिक देखरेश के अभाव में हो रहे इस निर्माण कार्य के शुरुआती दौर में सड़क की खुदाई में निकल रहे मटेरियल को रात के अंधेरे में ओर दिन के उजाले में ठेकेदार द्वारा बेचा जा रहा है। जिसकी सुध न ही कस्बे के जिम्मेदार अधिकारियों को है और न नपा में जनता के चुने नुमाइंदों को। मामले के अनुसार नगर में इन दिनों विधायक उमाकान्त शर्मा के विशेष पर कायाकल्प योजना में स्वीकृत होकर नागरिकों और वाहनों के आवागमन की सुविधा के लिए मौजूदा सड़क के चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस काम के शुरुआती दौर में सड़क के दोनों ओर के साइड सोल्डरों की खुदाई की जा रही है जिसमे पहले से डला हुआ कोपरा निकल रहा है। ठेकेदार द्वारा दिन एवं रात की दो पालियों में दो जेसीबी मशीनों से तेज गति से खुदाई की जा रही है। दिन के समय मे हो रही इस खुदाई से निकल रहे कोपरे को जनहित में दिखाने मात्र के दो चार डम्फर पास के शमशान में डाल दिया जाता है लेकिन रात की शिफ्ट के डम्फरो को तो धड़ल्ले के साथ बेचा जा रहा है। ?र सरकारी राजस्व को क्षति पहुँचाई जा कर ईमानदार विधायक उमाकांत शर्मा की मंशाओं पर पानी फेर जा रहा है। हालाँकि इस खेल में नपा के जिम्मेदारों की भी भूमिका ओर मिलीभगत से भी इंकार नही किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण के लिए जिस कॉन्ट्रेक्टर कंपनी के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है उसके द्वारा लगे डंफरो से इस सड़क की खुदाई कर मटेरियल को बासौदा मार्ग पर बन रही अवैध कॉलोनियों में, चंद्रमोहन सभागार से लगी हुई निजी भूमि पर पहुँच मार्ग बनाने में और कुरवाई आरोन बायपास मार्ग ओर बन रहे निजी मकानों के साथ अन्यंत्र स्थान शामिल है। जानकारी के मुताबिक इन दिनों शहर के नवागत एसडीएम द्वारा खदानों से बिना रायल्टी के उत्खनन कर बेंचे जाने वाले कोपरो से लदे डंफरो की धरपकड मुस्तेदी से की जा रही है ऐसे में सरकारी जमीन से निकल रहे इस कोपरे पर सभी जरूरतमंदों की निगाह है। जिसका फायदा ठेकेदार द्वारा उठाया जा रहा है। ओर करीब चार से पांच बाजार में एक डम्फर का सौदा हो रहा है। और जिस हिसाब से निर्माण एजेंसी नगरपालिका इस पूरे मामले में आँख मूँदकर बैठी है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस बंदर बाँट में नपा के जिम्मेदार भी शामिल है जो शासकीय संपत्ति से निकल रहे माल को भी अपनी आँखों के सामने खुर्द बुर्द होता देख मौन साधे हुए है। नियम के मुताबिक़ सरकारी सड़क से निकल रहे इस कोपरे का मालिकाना हक स्थानीय प्रशासन का होता है वह जहाँ चाहे जनहित में इसका उपयोग कर सकता है। नगर में अनेक ऐसे सरकारी स्थान ओर कच्चे मार्ग है जहाँ आगामी बारिश में इस मटेरियल का उपयोग भराव में कर सकती थी परंतु मिलीभगत के इस बंदरबांट के खेल के आंगे जनहित की और किसी जिम्मेदार का ध्यान नही है। बरहाल देखना होगा कि नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार से इस मटेरियल का हिसाब किताब लेकर बेचे गए सरकारी माल की वसूली एवं जुर्माना किया जाता है कि नही। आँकलन के मुताबिक इन तीन दिनों में ठेकेदार द्वारा पचास से अधिक डम्फर कोपरा बेंचा गया है। लेकिन इस ठेकेदार के पीछे संरक्षण देने वाले कौन लोग है यह परदे में बात है।

# ब्याज मुक्त ऋण दिलवाने में नगर निगम अव्वल

**भोपाल, यशभारत।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में स्वनिधि से समृद्धि और पीएम स्वनिधि योजना है। जिनके क्रियान्वयन में नगर पालिक निगम सागर लगातार मध्य प्रदेश के समस्त 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। निगमायुक्त श्री चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में नगर पालिक निगम स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रथम चरण के 9 निकायों में से नंबर वन पर है, यह स्थान सागर नगर निगम द्वारा कुल 9456 पथ विक्रेताओं में से 8597 की प्रोफाइलिंग पूर्ण कर प्राप्त किया है । इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना के विभिन्न चरणों मे शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों को पूर्ण करने में भी नगर पालिक निगम सागर प्रदेश की समस्त 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान पर है,, क्योंकि योजना के प्रथम चरण जिसमें हितग्राही को 10हजार रुपये की ब्याज मुक्त ऋण राशि उपलब्ध कराई जाती है जिसमें नगर निगम सागर को दिए गए 337 के लक्ष्य से अधिक 306 हितग्राहियों को राशि वितरित कराई गई



तो योजना के द्वितीय चरण जिसमें हितग्राही को रू. 10,000 की प्राप्त राशि पूर्व जमा करने पर 20हजार रुपये की ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराई जाती है उसमें नगर निगम सागर को 606 हितग्राहियों को राशि उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध नगर निगम सागर द्वारा 705 हितग्राहियों को राशि वितरित कराई गई तो योजना के तृतीय चरण जिसमें हिट कर आई हो ?20000 की पूर्ण राशि जमा करने पर अपना व्यवसाय और बढ़ाने के लिए 50 हजार रुपये की ब्याज मुक्त ऋण राशि उपलब्ध कराई जाती है जिसमें नगर निगम सागर को दिए 2319 लक्ष्य के विरुद्ध 453 पथ विक्रेताओ को राशि उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया गया है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रशेखर शुक्ला ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन (शहरी) नगर निगम सागर के सिटी मैनेजर श्री विक्रम जैन सहित समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वह योजना के दिए गए लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों को सत प्रतिशत योजना का लाभ उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित करें।

# सीएमओ के रिश्तेदार का वाटर प्लांट सील , शिकायतकर्ता से हुई झड़प

## मामला पहुचा थाने , वाटर प्लांट की मालिक बुलाने पर भी नही पहुँची मोके पर

**सिरोंज, यशभारत।** नगर पालिका परिषद सिरोंज के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीएम कुशवाह की झड़प आज शिकायतकर्ता संजीव पालीवाल से उस वक्त झड़प हो गई जब रायल सिटी कालोनी स्थित सीएमओं के छोटे भाई की पत्नि के नाम चल रहे वाटर प्लाट की जांच हेतु जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव के नेतृत्व में आये दल ने वाटर प्लांट की जांच प्रारंभ की । मौके पर वाटर प्लांट के मालिक को श्रीमति रानू कुशवाह को बुलाया गया पर यह तों नही पहुँची परंतु उनके जेठ सीएमओं बीएम कुशवाह मोके पर पहुच गये और उनकी झड़प शिकायतकर्ता संजीव पालीवाल से होने लगी व इस दौरान मामला इनता बढ गया कि नोबत हाथापाई तक जा पहुँची । मामले को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि संजीव पालीवाल ने उक्त वाटर प्लांट की शिकायत अधिकारियों को की थी जिसके बाद एक जिले से टीम का गठन कर जांच हेतु सिरोंज भेजा गया था । परंतु मौके पर जांच न तों हो सकी परंतु एक हाईप्रोफाइल ड्रामा खडा हो गया और संजीव पालीवाल व बीएम कुशवाह के बीच खूब झुमाझटकी हुई । जिसमे बीएम कुशवाह की तरफ से यह आरोप लगाया गये कि शिकायतकर्ता किस हेसियत से वाटर प्लांट के अंदर पहुँचे और किन अधिकाकारो के तहत वह कागज आदि देख रहे थे । इस दौरान श्री कुशवाह यह आरोप लगाऐं कि शिकायतकर्ता उनसे व्यक्तिगत द्वेष भाव रखता है और एक उसे के रिश्तेदार के नामांतरण प्रकरण मे दवाब बनाकर नामांतरण करवाना चाहता है



जो नियामानुसार नही है । जबकि मौके पर शिकायतकर्ता संजीव पालीवाल और बीएम कुशवाह के बीच झूमाझटकी और हाथापाई होती रही व बीचवान लोगो ने बचाव किया । इसके बाद मामला थाने पहुँचा जहां पर टीआई मनोज दुबे ने काफी देर तक बंद कमरे मे बातचीत की पर श्शाम होने तक पता चला कि मामले को लेकर सिर्फ संजीव पालीवाल की तरफ से आवेदन दिया गया है जिसपर पुलिस की जांच जारी है । जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव ने कहा कि एसडीएम के निर्देश पर जांच करने आई है और प्लांट के मालिक का इंतेजार कर रही है इसके बाद जांच आगे बढाई जाएगी । बीएम कुशवाह का कहना है कि वाटर प्लांट के कर्मचारी का फोन मेरे पास आया जिसके बाद मैं प्लांट पर जाकर देखा कि संजीव पालीवाल अनाधिकृत रूप से दस्तावेजों की जांच कर रहा है जिसका मैने विरोध किया तों झुमाझटकी करने लगा । संजीव पालीवाल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ भोपाल में धारा 420,467,आदि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है । नामांतरण प्रकरण का विवाद है 3से 4साल से मुझसे नाराज है जो मेरे अधिकार क्षेत्र मे था और यह व्यक्ति तब से ही मेरी श्कायत कर रहा है । संजीव पालीवाल का कहना है मै सिरोंज का ही निवासी हुँ और भोपाल आना जाना रहता है । जब गत दिनो मै सिरोंज आया तों मेने पानी का पाउच खरीदा जिसपर न तों निर्माण की तिथि और न ही वैघता की अवधि । जिसकी शिकायत मैने वरिष्ठ अधिकारियों से की जिसके बाद जांच टीम का गठन हुआ और मुझे भी उस टीम मे रखा गया जिसका संदेश मेरे मोबाइल पर खाद्य विभाग की और से आया था इसके बाद मे यहा टीम के साथ था मैने देखा कि बोरिंग का दुषित पानी बेच रहे है । रानी कुशवाह को बुलाने पर भी नही आई पर बालमुकंद कुशवाह आ गये और जिन्होने मुझे धक्का दे दिया और व मेरे अंदर घुसने पर एतराज किया मैने उनके कोई दस्तावेज नही देखे कुशवाह जी ने मुझे नीचे गिरा दिया । टीआई मनोज दुबे ने कहा कि कुशवाह जी की बहु का वाटर प्लाट है जिसकी जांच हेतु जांच दल आया था जिनके साथ संजीव पालीवाल थे व उन्होने बताया कि अवैध गतिविधिया संजीव करने लगा। हमारे पास टीम आने की सूचना नही है मामले की जांच की जा रही है । हमने जिला खाद्य अधिकारी से श्शाम का अपटेड प्राप्त करने की कोशिश की परंतु वे हमारा फोन उठाने से परहेज करती रही । पता चला है कि वाटर प्लांट को सील कर दिया गया है ।

# दाल मिल, फ्लोर मिल एसोसिएशन एवं खाद्यान्न व्यापारी संघ ने बताईं समस्याएं

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को दाल मिल एसोसिएशन, फ्लोर मिल एसोसिएशन कटनी एवं खाद्यान्न (गेंहू), व्यापारी संघ की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष मे आयोजित की गई। बैठक में बालेन्द्र शुक्ला जिला आपूर्ति अधिकारी, श्रीमती देवकी सोनवानी एफ्एसओ, प्रमोद कुमार मिश्रा जेएसओ, पियूष कुमार शुक्ल जेएसओ, यज्ञदत्त त्रिपाठी जेएसओ, ब्रिजेश कुमार जाटव जेएसओ, रविन्द्र पटेल जेएसओ एवं व्यापारी ईशान गई अजय फूड्स, अनिल कोटवानी अनिल इण्डिस्ट्रीज उपस्थित रहे। बैठक मे गेंहू पर स्टॉक सीमा लागू करना और व्यापारी एवं थोक विक्रेता, रिटेलर, बिग चेन रिटेलर और प्रोससर्स द्वारा स्टॉक की स्थिति की घोषणा के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश गए।



गेहूँ पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश 2023 जो कि 12 जून 2023 से लागू की गई है, जिसमें स्टॉक सीमाओं की अवधि 31 मार्च 2024 तक है। स्टॉक- सीमा व्यापारी एवं थोक विक्रेता के लिये 3 हजार मे.टन, रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मेट्रिक टन, बिग चौन रिटेलर प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिये 10 मेट्रिक टन और उनके सभी डिपों पर 3000 मे.टन निर्धारित की गई है। इसी प्रकार तुअर दाल, उड़द दाल पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश 2023 जो कि 02 जून 2023 से लागू की गई है, 31 अक्टूबर 2023 तक की अवधि के लिए दालों तुअर और उड़द को सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्टॉक सीमाओं के साथ रखा जाएगा। स्टॉक सीमा थोक विक्रेताओं के लिए प्रत्येक दाल के लिए 200 मे.टन, खुदरा विक्रेताओं के लिए प्रत्येक दाल के लिए 05 मे.टन, बड़ी श्रंखला वाले खुदरा विक्रेता (बिग चौन रिटेलर्स) प्रत्येक दाल के लिए, प्रत्येक खुदरा आउटलेट पर 05 मे.टन और डिपो में 200 मे.टन, मिलर के लिए स्टॉक सीमा विगत 03 माह के उत्पादन अथवा वार्षिक संस्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत इनमें से जो अधिक हो होगी। आयातक द्वारा सीमा शुल्क की मंजूरी की तारीख से 30 दिनों से अधिक के लिए आयातित स्टॉक स्टॉक को धारित नहीं किया। बैठक मे सभी व्यापारियों को दालों एवं गेहूँ के स्टॉक की घोषणा भारत सरकार के पोर्टल में स्टॉक की घोषणा एवं अद्यतन जानकारी नियमित रूप से दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।

## विभिन्न गतिविधियां होंगी आयोजित

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 को




**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ''जिला-स्तरीय युवा उत्सव 2023'' के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई। नेहरु युवा केंद्र कटनी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के दिशा-निर्देशानुसार ''जिला-स्तरीय युवा उत्सव 2023'' का आयोजन 13 जुलाई को किया जा रहा है। प्रधान मंत्री जी के अमृत काल के पांच प्रण के थीम के अंतर्गत यह कार्यक्रम जिले के अग्रणी शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में आयोजित किया जावेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच विधाओं में कुल 200 युवाओं के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजित होगी एवं प्रत्येक विधा से एक विजयी प्रतिभागी राज्य स्तर युवा उत्सव 2023 में भाग लेगा। बैठक में पांच विधा क्रमानुसार सामूहिक नृत्य, कविता लेखन, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी एवं चित्रकला प्रतियोगिता है। प्रत्येक विधा में विजेता तीन प्रतिभागी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) को सम्मान स्वरुप मोमेंटो एवं इनाम राशी प्रदान की जाएगी। साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जन अभियान परिषद्, आयुष विभाग, जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र, प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से नशामुक्ति शिविर, रोजगार गारंटी शिविर आदि लगाने एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ की प्रदर्शनी लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. माधुरी गर्ग (कार्यक्रम अधिकारी, रा.से.यो., शास. तिलक कॉलेज कटनी) को संस्कृतिक कार्यक्रम का प्रभारी, एवं शास. तिलक महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय एन.के.जे., शास. कन्या महाविद्यालय को विभिन्न प्रतियोगिताओ में छात्रों की सहभागिता एवं पंजीयन बड़ी संख्या में कराने का निर्णय लिया गया। आयोजन में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा 15-29 वर्ष की आयु के बीच होना चाहिए एवं कटनी जिले का निवासी होना चाहिए अधिक जानकारी के लिए नेहरु युवा केंद्र कटनी, कार्यालय पता गली न. 02, राय कालोनी, जबलपुर रोड, कटनी में अथवा दूरभाष 07622-221788 द्वारा संपर्क कर सकते हैं। बैठक में कीर्तिका कुहर (जिला युवा अधिकारी, नेहरु युवा केंद्र कटनी), डॉ. आशीष रेजा (आयुष विभाग), वेद प्रकाश परौहा (प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र), सर्वेश तिवारी (केन्द्रीय विद्यालय एन.के.जे.), नागेन्द्र यादव (शास. कन्या महविद्यालय), डॉ. तेजसिंह केशवाल (जन अभियान परिषद), राजेश कुमार पटेल (जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र), सुदीप सहाने (रिसर्च एसोशियेट), डॉ. रुक्मणि प्रताप सिंह (जिला संगठक, रा.से.यो.), चन्दन चक्रवर्ती (खेल विभाग) आदि की उपस्थिति रही।

# सुरक्षित सड़क यातायात के लिए बैठक में चर्चा



**कटनी,यशभारत।** सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने की दृष्टि से जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन भी मौजूद रहे। बैठक में सड़क यातायात को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में ईई पीडब्ल्यूडी हरी सिंह, आयुक्त नगर निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे,यातायात थाना प्रभारी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री के.पी.शर्मा, सहायक यंत्री सुनील सिंह रक्षित निरीक्षक आदि की मौजूदगी रही। सुगम यातायात के लिए मुख्य चुनौती बनी पार्किंग व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक में सबसे अधिक जोर दिया गया। शहर में व्यवस्थित पार्किंग के लिए रेल्वे स्टेशन से लेकर सुभाष चौक तक 15 जुलाई से सेंटर पार्किंग समाप्त करनें एवं उक्त संबंध में आगामी 7 दिवस के अंदर आम नागरिकों को सूचित करनें के निर्देश दिए गए। यातायात को सुगम बनाने के लिए ई रिक्शा के लिए चर्चा की जाकर रूट निर्धारित किया गया जिसमें अलग अलग रंगों हरा, लाल, आसमानी, नारंगी, सफेद एवं पीला रंग के आधार पर रूट का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शहर के मिशन चौक, माधवनगर गेट सहित जिले के अन्य प्रमुख चौराहों में सी.सी.टी.वी कैमरा लगानें के संबंध में चर्चा की गई।



# सीईओ ने दिलाए 2 वर्षों से अटके हुए पीएम आवास किश्त के चालीस हजार रुपए

**कटनी,यशभारत।** जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत गोदाना के निवासी रामलाल चौधरी को विगत दो वर्षों से अटकी हुई प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त चालीस हजार रुपए जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के प्रयासों से प्राप्त हो गई है। तीसरी किस्त की राशि चालीस हजार रुपए प्राप्त होने से वे अपना आवास कार्य पूर्ण करा सकेंगे। इसके लिए उन्होंने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत का धन्यवाद और आभार जताया है। विदित होवे की हितग्राही रामलाल विगत दो वर्षों से आवास की तीसरी किस्त नही मिलने से परेशान होकर दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। गौरतलब है कि सीईओ श्री गेमावत के संज्ञान में आने पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए कियोस्क संचालक बड़ागांव संजय कुमार रावत से वस्तुस्थिति की जानकारी और परीक्षण कराकर हितग्राही को तीसरी किस्त की राशि ग्रामीणों के समक्ष दिलवाई। हितग्राही की शिकायत का समाधान होने पर रामलाल की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उनके खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने प्राप्त राशि से अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया। कियोस्क संचालक के आवेदन पर शिकायतकर्ता की सहमति के आधार पर जिला सीईओ ने क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक रीजनल ऑफिस झिंझरी को पत्र लिखकर कियोस्क संचालक की आईडी पुन: प्रारंभ करने हेतु लेख किया है।

# ओलंपियाड में बच्चों ने फहराया परचम



**कटनी,यशभारत।** डीपीएस में छात्र-छात्राओं ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में अपनी भागीदारी दर्ज कराई । जिसमें उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया। कक्षा चौथी की नीरवी प्रसाद ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में जोनल रैंक में 39 व मैथ्स ओलंपियाड में जोनल रैंक में 60 वां स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चौथी के अमित सितलानी ने मैथ्स ओलंपियाड में जोनल रैंक में 173 में अपना स्थान दर्ज कराया। उनके इस प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी की लहर सी दौड़ गई। डीपीएस में बच्चों के बौद्धिक विकास को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के ओलंपियाड समय-समय पर होते रहते हैं। बच्चे भी इस प्रतियोगिता के लिए बहुत उत्सुक नजर आते हैं। विद्यालय की प्राचार्या महोदया व उप प्राचार्या महोदया जी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा उन्हें भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिता के लिए अग्रसर होने का संदेश भी दिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने बच्चों को बधाई देते हुए अभिभावकों व शिक्षकों की भी भूरी भूरी प्रशंसा की जिनके प्रयास से बच्चों का मार्गदर्शन होता है।



# बच्चों को बताये उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य

## बाल संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह के तहत विधिक जागरूकता शिविर का किया जा रहा आयोजन

**कटनी,यशभारत।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे बाल संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह (दिनांक 01 से 07 जुलाई 2023 तक) के अंतर्गत दिनांक 06 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर कटनी में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें योजना 2015 के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती आराधना तिवारी के द्वारा बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे भी जानकारी दी तथा बच्चों से मौलिक कर्तव्यों और नैतिक कर्तव्यो के पालन करने की अपेक्षा की तथा यह भी जानकारी दी कि नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर कटनी से संपर्क किया जा सकता है। स्कूल प्रशासन के सहयोग से शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## टीबी उन्मूलन में सहभागी बनीं सात वर्षीय खुशी यादव की अनुकरणीय पहल को कलेक्टर ने सराहा

# नि-क्षय मित्र बनकर खुशी ने थामा टीबी मरीजों का हाथ

**कटनी,यशभारत।** देश से वर्ष 2025 तक टी.बी. रोग उन्मूलन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प तथा विगत माह की मन की बात से प्रेरित होकर कटनी जिले की एन.के.जे बजरंग कॉलोनी निवासी 7 वर्षीय बालिका खुशी यादव ने अपने गुल्लक में जमा राशि कटनी को टी.बी. मुक्त बनाने के नेक कार्य हेतु प्रदान कर मिसाल कायम कर दी है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि हाल में ही माननीय प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में कटनी की 13 वर्षीय बालिका मीनाक्षी क्षत्रिय द्वारा नि-क्षय मित्र के लिए अपने गुल्लक की राशि दिये जाने की भावना की सराहना की गई थी। माननीय प्रधानमंत्री जी की मन बात से प्रेरित होकर शुक्रवार को खुशी द्वारा भी अपना गुल्लक लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपने गुल्लक की राशि जिला प्रशासन को दी गई। इस दौरान खुशी ने एक बेलपत्र का गमला भी कलेक्टर श्री प्रसाद को भेंट किया। खुशी के अनूठे जनहितैषी संकल्प से छोटी उम्र में ही बड़ी और अनुकरणीय पहल की कलेक्टर अवि प्रसाद ने सराहना की है। कलेक्टर श्री प्रसाद के मार्गदर्शन में कटनी को टी.बी. मुक्त जिला बनाने के सामाजिक अनुष्ठान में दिन-व-दिन जनभागीदारी बढ़ रही है। जहां कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रवर्तित इस पुनीत कार्य से प्रभावित होकर खुशी ने अपने गुल्लक की राशि एक टी.बी. रोगी को लगातार 6 माह तक पौष्टिक आहार देने 4200 रुपये की सहयोग राशि जिला रेडक्रास समिति को प्रदान किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद से मिलने अपने पापा श्री सुशील कुमार यादव तथा मॉ सुशीला यादव के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची कक्षा तीसरी की केन्द्रीय विद्यालय एन.के.जे में पढ़ाई कर रहीं खुशी की कलेक्टर ने जमकर सराहना की और शाबाशी देते हुए उपहार स्वरूप पुस्तकें एवं टाफ्यिां भेंट कीं। कलेक्टर ने कहा नन्हीं सी उम्र में जब बच्चे खेल कूद सहित अन्य विषयों के प्रति कहीं ज्यादा आकर्षित होते हैं ऐसे में टी.बी. उन्मूलन जैसे सामाजिक सरोकारों के प्रति खुशी की पहल प्रशंसनीय है।






# शाला प्रवेश गृह संपर्क अभियान में लाएं तेजी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के विकासखण्ड बड़वारा के विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक द्वारा शाला प्रवेश अभियान सत्र 2023-24 मे प्रगति संतोषजनक नही पाए जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने 7 जुलाई 2023 तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। विदित हो कि विगत दिवस वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक मे विकासखंड बड़वारा मे शाला प्रवेश गृह संपर्क अभियान सत्र 2023-24 मे प्रगति संतोषजनक नही पाई गई थी। जिसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद ने विकासखण्ड बड़वारा के विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक को शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने तथा निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करनें के निर्देश दिए है।

# जिले में 244.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 7 जुलाई की प्रात: तक की अवधि तक कुल 244.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 176.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 168.0 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 218.6 मिलीमीटर, रीठी में 264.3 मिली मीटर, बड़वारा में 234.6 मिलीमीटर, बरही में 161.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 137.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 198.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 365.8 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 377.4 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# 435 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 50 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त

## मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 5 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल के निर्देशन में जिले मे अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले मे कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम मे आज दिनांक 7 जुलाई को आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 के आधारकाप, निमियाहार, में अभिषेक सिंह बघेल, आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आबकारी की टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 435 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 50 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 30 हजार रूपये है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, चन्द्र प्रकास त्रिपाठी, श्रीमती वीणा ब्रम्हवंशी, सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW

Mittal
MALL

Paytm
bookmyshow

From 07th July 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 07 July to 13 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
| --- | --- | --- |
| Neeyat | 11.00.00 AM | 100-100-100-250 |
| Neeyat | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-03 | Show | |
| 1920 Horrors of the heart | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# जब दादा ने अनोखे अंदाज में लिया बदला, जानें लॉर्ड्स में गांगुली ने क्यों उतारी थी अपनी टी-शर्ट






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान कप्तानों के बारे में बात होगी तो सौरव गांगुली का नाम जरूर सामने आएगा। गांगुली ने भारत के लिए बतौर कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने साल 1992 से लेकर साल 2008 तक टीम इंडिया के लिए क्रिकेट खेला। गांगुली कप्तानी में टीम इंडिया ने कई खिताब जीते। जिनमें एक आईसीसी का खिताब चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है। यूं तो भारतीय क्रिकेट में गांगुली के कई किस्से मशहूर हैं, लेकिन एक किस्सा है जो हर भारतीय फैन के दिलों में बसा हुआ है। गांगुली का इंग्लैंड के ऐतिहासिक मैदान लॉर्ड्स पर अपना टी-शर्ट उतार कर सेलिब्रेट करना। लेकिन बहुत कम लोग ही इस बारे में जानते होंगे कि भला गांगुली ने ऐसा क्यों किया था।

## दादा ने लिया था बदला

भारतीय क्रिकेट में दादा के नाम से मशहूर सौरव गांगुली यूं तो अपने शांत नेचर के लिए जाने जाते हैं। लेकिन एक घटना ने गांगुली की छवि को पूरी तरह से बदल दिया। दरअसल टीम इंडिया, इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच साल 2002 में ट्राई सीरीज खेली गई थी। इस सीरीज का फाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। एक रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने हारे हुए मैच में बाजी पलट कर इंग्लैंड को उन्हीं के घर पर मैच हरा इस सीरीज को अपने नाम किया था। इस मैच में मिली जीत के बाद उस वक्त टीम इंडिया के कप्तान सौरव गांगुली ने लंदन स्थित लॉर्ड्स मैदान के बालकॉनी में अपने टी-शर्ट को उतार कर मैच सेलिब्रेट किया था। गांगुली का ये अंदाज सभी भारतीय फैंस को काफी पसंद आया था।

## गांगुली ने इस कारण उतारी थी टी-शर्ट

सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स में अपना शर्ट यूं ही नहीं उतारा था। उसके पीछे एक बहुत बड़ा कारण था। दरअसल इंग्लैंड में खेले गई ट्राई सीरीज से पहले इंग्लैंड की टीम ने भारत का दौरा किया था, जहां उन्होंने टीम इंडिया को सीरीज हरा दिया था। उस वक्त इंग्लिश खिलाड़ी एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने अपना टी-शर्ट उतार कर सेलिब्रेट किया था। उस सीरीज में भी गांगुली ही टीम इंडिया के कप्तान थे। गांगुली ने अंत में इंग्लैंड में मैच जीतकर अपने बदले को पूरा किया था।

## काफी शानदार रहा गांगुली का करियर

सौरव गांगुली का करियर भारत के लिए खेलते हुए काफी शानदार रहा। उन्होंने टीम इंडिया के लिए कुल 113 टेस्ट मैचों में 42.17 की औसत से 7212 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 16 शतक और 35 अर्धशतक भी लगाए थे। गांगुली में टीम इंडिया के लिए 311 वनडे मुकाबले भी खेले थे। जहां दादा ने 41.02 की औसत से 11363 रन बनाए थे। गांगुली ने वनडे में 22 शतक और 72 अर्धशतक लगाए थे। कुल मिलाकर कहे तो 424 इंटरनेशनल मैचों में गांगुली ने 18575 रन बनाए थे और 38 शतक भी जड़े थे।

# एशियन गेम्स के लिए शरत को मिली टीम इंडिया की कमान, इन्हे टीम में जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19वें एशियन गेम्स का चीन के हांगझोउ में साल 2022 में आयोजन होना था लेकिन यह आयोजन एक साल आगे बढ़ा दिया गया। अब 23 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023 तक इन खेलों का आयोजन होना है। इस बार एशियन गेम्स में क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स में भी क्रिकेट शामिल था लेकिन उसमें सिर्फ महिला टीम ने हिस्सा लिया था। पर एशियन गेम्स में महिला टीम तो हिस्सा लेगी ही साथ ही पुरुष टीम भी हिस्सा लेगी। हालांकि, बीसीसीआई ने भारत की बी टीम को एशियाई खेलों में भेजने का निर्णय लिया। इसी बीच शुक्रवार 7 जुलाई को इस इवेंट के लिए टेबल टेनिस की टीम का ऐलान कर दिया गया। इसके लिए पुरुष और महिला टीम के कप्तानों का भी ऐलान हुआ। शरत कमल और मनिका बत्रा सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत की 10 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे। जकार्ता में पांच साल पहले पिछले एशियाई खेलों में भारतीय दल का टेबल टेनिस स्पर्धा में पदक जीतने का 60 साल का इंतजार खत्म हुआ था। टीम ने पुरुष और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था।




भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के पेयोंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैम्पियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

### शरत और मनिका ने कई डबल्स इवेंट से वापस लिया नाम

आपको बता दें कि कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप तीन से 10 सितंबर तक खेली जाएगी जबकि एशियाई खेल में 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। शरत का यह अंतिम एशियाड होने की संभावना है, वह जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और मानुष शाह के दल की अगुआई करेंगे। वहीं मनिका बत्रा युवा महिला टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले शामिल हैं। शरत हांगझोउ में केवल पुरुष डबल्स और मनिका मिक्स्ड डबल्स में खेलेंगी जिसमें दोनों साथियान के साथ जोड़ी बनाएंगे। टीटीएफआई ने एक बयान में कहा कि, शरत और मनिका ने अन्य डबल्स स्पर्धाओं से हटने का फैसला किया जिससे चयनकर्ताओं को टीम चुनने में आसानी रही क्योंकि वे अच्छा प्रदर्शन कर रही जोड़ियों में बदलाव नहीं करना चाहते। शरत और मनिका ने पांच साल पहले इंडोनेशिया में जोड़ी बनाई थी और यादगार कांस्य पदक जीता था।

# पाकिस्तान क्रिकेट में होगा एक और बदलाव! जका अशरफ ने इस दिग्गज को ऑफर किया बड़ा पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में पिछले एक साल के अंदर काफी उठापटक देखने को मिली है। अक्टूबर-नवंबर में टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से रमीज राजा के जाने के बाद कोई भी परमानेंट पीसीबी चेयरमैन नहीं बना है। पीसीबी का कार्यभाल संभालने के लिए एक पीसीबी मैनेजमेंट कमेटी बनाई गई थी जिसके अध्यक्ष के रूप में नजम सेठी को चुना गया था। अब सेठी भी इस पद से हट चुके हैं और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के करीबी बताए जाने वाले जका अशरफ ने इस कमेट के अध्यक्ष पद को अगले चार महीने के लिए संभाल लिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंदर अक्सर देखा जाता है कि जब सत्ता बदलती है तो नीचे के अन्य पदों पर भी बदलाव दिखता है।

### इस दिग्गज को जका अशरफ ने ऑफर किया बड़ा पद

ऐसा ही फिर देखने को मिला है। नजम सेठी गए और जका अशरफ आए हैं तो चीफ सेलेक्टर के पद पर भी बदलाव होने की चर्चा तेज है। अशरफ ने शुक्रवार को खुद ट्वीट किया और बताया कि उन्होंने



पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज को चीफ सेलेक्टर का पद ऑफर किया है, लेकिन उन्हें अभी हफीज की तरफ से जवाब का इंतजार है। मौजूदा समय में हारून रशीद इस पद पर काबिज हैं। आने वाले समय में टीम को एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं। ऐसे में अगर हफीज आते हैं तो पाकिस्तान के टीम सेलेक्शन में एक नई प्लानिंग नजर आ सकती है। इससे पहले नजम सेठी के अध्यक्ष बनने की शुरुआत में शाहिद अफरीदी भी अंतरिम सेलेक्टर बनाए गए थे।

# सेमीफाइनल में पहुंचे पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन, अब जापान के साथ होगा मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैलगरी में खेले जा रहे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट अब अपने अंतिम चरण में है। भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में काफी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन अब इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले के बाद महिला सिंगल और पुरुष सिंगल इवेंट में इन दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब आज इन दोनों खिलाड़ियों को सेमीफाइनल मुकाबला खेलाना है।

### क्वार्टर फाइनल में मिली जीत

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधू ने शुक्रवार की रात को खेले गए महिला सिंगल के क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को आसानी से 21-13 21-7 के अंतर से



हराया। यह इस खिलाड़ी के खिलाफ उनकी चार मुकाबलों में पहली जीत है। सेन ने पुरुष सिंगल क्वार्टर फाइनल में जर्मन क्वालीफायर जूलियन कैराग्गी को 21-8, 17-21, 21-10 से हराया। सिंधू का मुकाबला अब दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की यामागुची से जबकि सेन का जापान के ही चौथी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से होगा। पीवी सिंधू का जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 है। इन दोनों के बीच पिछला मुकाबला पिछले साल सिंगापुर ओपन में खेला गया था जिसमें जापानी खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ सेन का निशिमोतो के खिलाफ रिकॉर्ड 1-1 से बराबर है।

### कैसा रहा सिंधू के मैच का हाल

सिंधू ने फैंग जी के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 5-1 से बढ़त हासिल कर ली। इंटरवल तक भारतीय खिलाड़ी 11-6 से आगे थी। सिंधू ने कोर्ट को अच्छी तरह से कवर किया। फैंग जी ने इसके बाद वापसी की कोशिश की और स्कोर 12-16 कर दिया लेकिन सिंधू ने उन्हें आगे मौका नहीं दिया और पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। फैंग जी ने दूसरे गेम के शुरू में 5-1 से बढ़त बनाई लेकिन सिंधू ने जल्द ही वापसी की और इंटरवल तक वह 11-5 से आगे थी। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में देर नहीं लगाई।

## रंग संसार

# पप्पी लव के जरिए निक्की करेगी ओटीटी डेब्यू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्ट्रेस निक्की तंबोली फिल्म पप्पी लव के जरिए ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं पप्पी लव के लिए बेहद एक्साइटिड हूं क्योंकि यह ओटीटी स्पेस में मेरी पहली फिल्म है। मेरा पंजाबी एनआरआई किरदार कुछ ऐसा है, जिसे मैं पहली बार निभा रही हूं। इस पर फैंस और ऑडियंस के रिएक्शन का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, किरदार में ढलने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ी। ओटीटी डेब्यू के लिए मैं हमेशा से सही रोल के ऑफर की तलाश में थी और मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन के नए फेज को शुरू करने का सही तरीका है। हरि संतोष द्वारा निर्देशित पप्पी लव में निक्की को एक्टर तनुज विरवानी के साथ लीड एक्ट्रेस के रूप में देखा जाएगा। बता दें कि निक्की तंबोली फिल्म में वह एक पंजाबी एनआरआई का किरदार निभा रही हैं।निक्की तंबोली बिग बॉस सीजन 14 और खतरों के खिलाड़ी में नजर आ चुकीं है।

# रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के बीच सबकुछ ठीक नहीं? इस चूक के बाद यूजर्स पूछ रहे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने 6 जुलाई को अपना 38वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस मौके पर फैंस को बस एक चीज का इंतजार था, जो उन्हें देखने को नहीं मिला। फैंस दीपिका पादुकोण का पोस्ट देखना चाहते थे, लेकिन बीते साल की तरह ही इस बार भी एक्ट्रेस ने कोई खास पोस्ट नहीं किया। अब ऐसे में फैंस के मन में दोनों के रिश्ते को लेकर सवाल पैदा हो रहे हैं। कई लोग पूछ रहे हैं कि दोनों के बीच क्या सब कुछ ठीक नहीं है। ऐसे में रणवीर के फैंस ने उन्हें ट्रोल कर दिया।

## पति के जन्मदिन पर दीपिका ने की चूक

अपने पति के जन्मदिन के मौके पर कोई पोस्ट नहीं करने पर बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण को काफी ट्रोल किया जा रहा है। दीपिका सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली और फॉलो की जाने वाली हस्तियों में से एक हैं। उनके



74.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। दीपिका पॉपुलैरिटी, वाइड ग्लोबल अपील और स्टारडम के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। ऐसे में उनकी चूक पकड़ी जाना आसान बात थी।

## ट्रोलर्स ने कहीं ऐसी-ऐसी बातें

दीपिका ने रणवीर के जन्मदिन पर उनके लिए कुछ भी पोस्ट नहीं किया, जिससे उनके फैंस नाराज हो गए। अपनी निराजगी व्यक्त करते हुए फैंस ने दीपिका की लास्ट इंस्टाग्राम पोस्ट का सहारा लिया। इस फोटो में वह आइसक्रीम का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं पूरे दिन दीपिका के इंस्टा पर रणवीर की बर्थडे विश पोस्ट का इंतजार कर रहा था, जबकि दूसरे ने कहा, पति के जन्मदिन का पोस्ट नहीं लगाया एक अन्य फैन ने कमेंट किया, अपने पति के जन्मदिन पर कुछ पोस्ट करो।

## इन फिल्मों में आएंगे नजर

दूसरी ओर, रणवीर के सोशल मीडिया पर फैंस और मशहूर हस्तियों की शुभकामनाओं की बाढ़ आ गई। बी-टाउन के सबसे पावरफुल कपल्स में से एक माने जाने वाले दीपिका और रणवीर ने नवंबर 2018 में इटली में पारंपरिक कोंकणी और सिंधी रीति-रिवाजों से शादी की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रणवीर अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखाई देंगे, इसमें उनके साथ आलिया भट्ट हैं। जबकि, दीपिका के पास प्रोजेक्ट के, फाइटर और जवान है।

# अनुपमा को सवालों के कटघरें में खड़ा करेगी मालती देवी, हटेगा माया की मौत के सबसे बड़े राज से पर्दा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुपमा बीते कई सालों से टीआरपी लिस्ट में नंबर वन पर रहने के साथ ही फैंस का सबसे पसंदीदा शो बना हुआ है। घर-घर में ये शो देखा जाता है। हर दिन फैंस को नए ट्विस्ट का इंतजार रहता है। फैंस अनुपमा और अनुज को हमेशा खुश और साथ देखने के लिए बेचैन रहते हैं। इन दिनों शो में एक के बाद एक कई धमाकेदार ट्विस्ट आ रहे हैं। माया का सफर हमेसा के लिए शो से खत्म हो गया। माया की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसका असर अनुपमा की जिंदगी पर पड़ता नजर आने वाला है। कहा जा रहा है कि वो इस हादसे की वजह से अमेरिका नहीं जा पाएगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से एक बार फिर उसका सपना अधूरा ही रह जाएगा।

## अनुपमा नहीं बदलेगी अपना फैसला

आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और वनराज एक-दूसरे से बात करेंगे। वनराज अनुपमा को समझाएगा कि सारे हालात संभल जाएंगे और उसे सिर्फ अपने करियर पर फोकस करना चाहिए और अमेरिका न जाने के ख्याल को दिमाग से निकाल देना चाहिए, जिसके जवाब में अनुपमा कहेगी कि अब कुछ भी हो लेकिन वो अपने कदम पीछे नहीं खींचने वाली। इस पर वनराज कहेगा कि अनुपमा का ये फैसला जानकर वो खुश है। ऐसे में अनुपमा और वनराज को बात करते अनुज सुन लेगा और वो मुस्कुराएगा।

## खुद को कमरे में बंद करेगी छोटी

इसी बीच अनुज के चिल्लाने की आवाज आएगी। तभी सारे घर वाले दौड़कर छोटी के कमरे के बाहर पहुंचेंगे और देखेंगे कि उसका कमरा बंद, जैसे-तैसे कमरा खोला जाएगा, जिसके बाद सब कमरे का हाल देखकर शॉक हो जाएंगे। अनुपमा छोटी के पास जाएगी और उसे गले से लगा लेगी। छोटी चारों ओर अपनी माया की तस्वीरें लगा रखी होगी। तभी छोटी नींद में अनुपमा को माया समझ कर बात करेगी और कहेगी कि वो कभी नहीं लड़ेगी बस उसकी मां वापस आ जाए। अनुपमा ये सुनकर



इमोशनल हो जाएगी। तभी छोटी की नींद खुलेगी और वो अनुज से कहेगी उसे मां चाहिए, जिसके जवाब में वो कहेगा कि वो अब वापस नहीं आ सकती।

## छोटी को संभालेगी अनुपमा

छोटी जोर-जोर से चिल्लाने लगेगी। तभी उसे अनुपमा जोर से जकड़ लेगी। अनुपमा से छोटी कहेगी कि एक मां तो उसे छोड़कर चली गई, लेकिन वो उसे छोड़कर न जाए। अनुपमा असमंजस में पड़ जाएगी, तभी वहां मालती देवी पहुंचेंगी और वो ये सारी बातें सुन लेंगी। वो परिवार को सांतवना देने के बाद पूछेंगी कि क्या अब अनुपमा का प्लान बदल गया है, जिसके जवाब में वनराज कहेगा कि नहीं ऐसा नहीं है, पहले की तरह ही अनुपमा अमेरिका जाएगी। तभी अनुपमा भी कहेगी कि हां वो अमेरिका जाएगी और अनुज कहेगा कि छोटी समझदार है वो खुद को संभाल लेगी। सभी बातों के बाद भी मालती देवी के दिमाग में ये बात रह जाएगी कि अनुपमा हो सकता है न जाए। वो इस बारे में नकुल से चर्चा करते हुए कहेगी अनुपमा अगर नहीं जाएगी तो मेरा रौद्र रूप देखेगी।

## बरखा के सामने खुलेगा अनुज-अनुपमा का राज

एक ओर शाह परिवार वाले आपस में बातचीत करेंगे कि अनुपमा छोटी को लेकर परेशान है। वहीं अनुपमा और अनुज आपस में बात करेंगे। इस दौरान अनुपमा कहेगी कि उसकी वजह से माया की जान गई। इस पर अनुज कहेगा कि वो खुद को ब्लेम न करे। साथ ही कहेगा कि अनुपमा ये किसी से न कहे कि माया उसे बचाने के चक्कर में अपनी जान गंवा बैठी। वो कहेगा कि इस बारे में कोई नहीं समझेगा। साथ ही कहेगा कि वो माया का हमेशा शुक्रगुजार रहेगा कि उसने उसकी अनुपमा की जान बचाई। ये बात दीवार के पीछे खड़ी होकर बरखा सुन लेगी

## अनुज को आएगा बरखा पर गुस्सा

प्रीकैप में दिखाई झलक में अनुपमा नींद में है और उसकी आंख लग जाती है। वो नींद में अजीब-अजीब चीजे सोचती है। उसे माया की मौत और छोटी से जुड़े ख्याल आते हैं। इसके बाद ही अगल सीन शुरू होता है, जिसमें दिखाया जाता है कि बरखा कहती है कि अनुपमा क्यों गिल्टी फील कर रही है। वो ऐसे क्यों कर रही है, जैसे माया की जान उसने ली है। इसके जवाब में अनुज उसे कहता है कि वो नहीं चाहता कि उसकी बेटी के सामने ऐसी कोई बात कही जाए और इसका उस पर कोई गलत असर पड़े।

## अनुपमा का खुलेगा भेद

इस सबके बीच बरखा और अनुज की बहस छोटी सुन लेती है। वो सोफे पर लेटकर इनकी बाते सुन रही होती। तभी किसी के जोर से गिरने की आवाज आती है। कपाड़िया हाउस के सभी सदस्य छोटी की ओर देखते हैं। अनुज जोर से छोटी कहकर चिल्लाता है। ठीक इसी बीच अनुपमा दरवाजा खोलकर अंदर आती है और अनुज उसके सामने माथा पकड़कर बैठा दिखता है। वैसे अब ये देखने वाली बात होगी कि क्या ये सच में होगा। क्या अनुपमा के सच से छोटी के सामने पर्दा उठ जाएगा या फिर अनुपमा ये सब सपने में देख रही होगी।







